


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 2 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-185 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 03 अक्टूबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने की हवाई फायरिंग

**बिलासपुर,2 अक्टूबर।** न्यायधानी के यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष शेरू असलम का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है अपनी रंगदारी जमाने युथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष शेरू असलम का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे शेरू असलम भीड़ में हवाई फायरिंग करते नजर आ रहे है।

कुछ समय पहले शेरू असलम किसान को धमकी देने और पद का रौब जमाने को लेकर सुर्खियों में आया था। इसके बाद लोगों ने उसकी जमकर आलोचना की थी। वहीं अब शेरू असलम का एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के वायरल होते ही हर तरफ खलबली मच गई है। दरअसल, वायरल हो रहे वीडियो में यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष शेरू असलम भीड़ के बीच की हवाई फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है। वीडियो बिलासपुर के पुराने बस स्टैंड का बताया जा रहा है। शेरू असलम पर पहले भी किसान को धमकाने और पद का रौब दिखाते हुए वीडियो वायरल हो चुका है। इस मामले में शेरू असलम पर कार्रवाई भी की गई थी।

### महिलाओं ने अजय दुबे के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट लिखाई

**भिलाई,2 अक्टूबर।** पचरीपारा दुर्ग के पूर्व पार्षद व दुर्ग के हिस्ट्रीशीटर गुंडा बदमाश अजय दुबे की तीन दिन पहले कुछ लोगों ने मिलकर पिटाई कर दी। अजय दुबे वार्ड पार्षद सहित कुछ महिलाओं को फोन पर अश्लील मैसेज भेज रहा था। इसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद उसकी पिटाई दी। महिलाओं ने अजय दुबे के खिलाफ छेड़खानी, गाली गलौज करने, धमकाने और आइटी एक्ट की धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं अजय दुबे के बेटे ने भी मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआइआर कराई है पुलिस ने बताया कि रात को पचरीपारा दुर्ग के पूर्व पार्षद व हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे को ऋषि यादव, महेश यादव और मंत्री यादव ने मिलकर पीटा अजय यादव महिलाओं को फोन पर अश्लील मैसेज भेज रहा था। साथ ही कुछ महिलाओं का पीछा भी करता था। इससे उनमें गुस्सा. पनप रहा था, जिसके चलते गुरुवार की रात को इंदिरा मार्केट में शीतल आइसक्रीम दुकान के पास तीनों ने मिलकर अजय दुबे की पिटाई कर दी। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। अजय दुबे के बेटे अभय दुबे की शिकायत पर ऋषि यादव, महेश यादव और मंत्री यादव के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। वहीं एक महिला की शिकायत पर अजय दुबे के खिलाफ भी छेड़खानी, पीछा करने और आइटी एक्ट की धाराओं के तहत एफआइआर की गई है। अभी तक किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है

### अमेरिका, फ्रांस के राजदूतों ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,2 अक्टूबर ।** अमेरिका और फ्रांस के राजदूतों ने सोमवार को महात्मा गांधी को उनकी 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी के जन्मदिन पर, मैं उनकी स्थायी विरासत से बहुत प्रभावित हूं। अहिंसा का उनका संदेश दुनिया भर में समानता और न्याय के लिए आशा की किरण बना हुआ है। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक्स पर पोस्ट किया, डॉ मार्टिन लूथर किंग और अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन पर गांधी का गहरा प्रभाव हमें उनके आदर्शों की शक्ति की याद दिलाता है।



### सेलूद से पाटन तक बुलेट से भरोसे की यात्रा

## छत्तीसगढ़ में दिख रहा गांधी जी का सुराज : भूपेश

**रायपुर,2 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गांधी और शास्त्री जयंती के मौके पर प्रदेशभर में कांग्रेस की भरोसा यात्रा निकाली जा रही है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी मंत्री अलग-अलग जिलों में इस यात्रा में शामिल हुए. सीएम बघेल पाटन के सेलूद में कांग्रेस की भरोसा यात्रा में शामिल हुए. उन्होंने ने सेलूद से पाटन तक यात्रा की। सीएम बघेल ने कहा, गांधी जी की 150वीं जयंती के मौके पर 2019 में हमने 5 योजनाएं शुरू की थी. छत्तीसगढ़ में गांधी जी का सुराज अब दिख रहा है.भूपेश बघेल बुलेट में कार्यकर्ताओं के साथ भरोसा यात्रा में निकले. इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी के सुराज का संदेश दिया.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सफाईकर्मियों का सम्मान, बुनकरों का सम्मान, मजदूरों का सम्मान, किसानों का सम्मान, गरीबों का सम्मान गांधी जी ने किया. उन्हें हौसला दिया, उन्हें ताकत दी, उन्हें साथ लेकर आजादी की लड़ाई लड़ी. ग्राम स्वराज्य का अलख जगाया. छत्तीसगढ़ में हम गांधी के सपनों को साकार कर रहे हैं.

### नफ़रत के बाजार में मोहब्बत की दुकान

देशभर में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मनाई जा रही है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर प्यार और एकता का संदेश देने वाला वीडियो शेयर किया है. मुख्यमंत्री ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'अभी सोशल मीडिया स्क्रॉल करते हुए ये वीडियो दिखा. मैंने सोचा आप सभी से भी साझा करूं. नफ़रत के बाजार में मोहब्बत की दुकान.



**नई दिल्ली,2 अक्टूबर।** गांधी जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना बापू को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट पहुंचे और उन्हें याद किया.



**रायपुर, 2 अक्टूबर।** राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था

**अमृतसर ,2 अक्टूबर।** राज्य में सत्तारूढ़ आप के साथ झगड़े के बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निजी दौरे पर पवित्र सिख तीर्थस्थल हरमंदिर साहिब, जिसे स्वर्ण मंदिर कहा जाता है, में मत्था टेका। कांग्रेस नेताओं ने कहा, यह निजी दौरा है, राजनीतिक नहीं। यात्रा के दौरान, वह लंगर (सामुदायिक रसोई) में सेवा (स्वैच्छिक सेवा) करेंगे। गांधी जयंती के अवसर पर अवकाश के कारण स्वर्ण मंदिर में सुबह से ही सैकड़ों श्रद्धालु प्रार्थना करने के लिए कतार में खड़े हैं।



राहुल के स्वर्ण मंदिर दौरे से एक दिन पहले, पार्टी के पूर्व राज्य प्रमुख नवजोत सिद्धू ने इंडिया गठबंधन के लिए वकालत की। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब पार्टी के अधिकांश नेता, जिनमें राज्य प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग और प्रताप सिंह बाजवा शामिल हैं, 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए आप के साथ गठबंधन का विरोध कर रहे हैं। 2015 के एनडीपीएस मामले में पार्टी विधायक सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी ने आप और कांग्रेस के बीच विवाद को और बढ़ा दिया है। रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में, सिद्धू ने कहा, ÷इंडिया गठबंधन एक ऊंचे पहाड़ की तरह खड़ा है...यहां और वहां कोई भी तूफान इसकी भव्यता को प्रभावित नहीं करेगा। हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस ढाल को तोड़ने का कोई भी प्रयास निरर्थक साबित होगा। पंजाब को यह समझना चाहिए कि यह भारत के प्रधान मंत्री को चुनने का चुनाव है, न कि पंजाब के मुख्यमंत्री का। पार्टी कार्यकर्ताओं से यह पूछने पर कि यह राहुल की निजी यात्रा है, वारिंग ने एक्स पर लिखा, वह सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने के लिए अमृतसर आ रहे हैं।

## पीएससी मामले की सरकार क्यों नहीं करा रही जांच : राजेश मूणत

**रायपुर,2 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने प्रेसवार्ता कर राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए हैं. मूणत ने ईडी की कार्रवाई, भ्रष्टाचार, पीएससी मामलें को लेकर सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, सरकार भ्रष्टाचारियों को सरंक्षण दे रही है. खनिज माफियाओं, दारू माफियाओं को कांग्रेस पार्टी पर भरोसा हो गया है. सीजीपीएससी का इतना बड़ा घोटाला आने के बाद सरकार संज्ञान में लेकर जांच क्यों नहीं करती? हाईकोर्ट के निर्णय आने के बाद भी मुख्यमंत्री संज्ञान में लेकर जांच की घोषणा क्यों नहीं कर सकते हैं? पीएससी चेयरमैन से रिश्ते क्या कहलाते हैं? हीरापुर के जरवाय में गायों की मौत मामले में पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, गौठान को लेकर बीजेपी पूरे प्रदेश में मुद्दा उठाया. कहीं भी चारा, पानी, शेड नहीं, गौठान को पैसा कमाने का यंत्र बना दिये हैं. गौठान में गायों को फफूंद लगा चारा खिलाया जा रहा. परिवर्तन की लहर चारों तरफ दिख रही है. भरोसे की यात्रा पर मूणत ने कहा, सरकार को स्वंय अपने ऊपर भरोसा नहीं है, मंत्रियों की आपस में बातचीत नहीं है.

प्रधानमंत्री प्रवास के दिन बस्तर बंद कर रही कांग्रेस, इस सवाल पर मूणत ने कहा, दुरुस्त अंचल में वन बंधुओं का अपना क्षेत्र है. 55 साल में उनका जीवन स्तर, वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक हो, आदिवासी को उनका मूल हक मिले, ये




विचार कर रहें. कांग्रेस ने कुछ किया हो तो बताएं. नगरनार प्लांट की आमदनी छत्तीसगढ़ के बस्तर के विकास में लगेगी. हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा. बस्तर विकास की बात करते हैं, कांग्रेस पार्टी को विकास करना नहीं है. मुख्यमंत्री संभावना व्यक्त कर रहे हैं निजी हाथों में बेच दिया जाएगा, इस पर मूणत ने कहा, सरकार गौठान तो चला नहीं पा रही, गौठान सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, उसे तो चला नहीं पा रही, जब वो नहीं चला पा रहे तो प्लांट कैसे चला पाएंगे?

## भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 60 से ज्यादा नाम तय

**रायपुर,2 अक्टूबर।** बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में हुई बैठक में 60 से ज्यादा सीटों पर नाम तय हो जाने की खबर है। संभवतः आज या कल बीजेपी की दूसरी सूची जारी हो सकती है. सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बिरनपुर हिंसा में मारे गये भुवनेश्वर साहू के पिता को टिकट मिल सकती है. वहीं ईश्वर साहू को साजा से उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है. इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से उम्मीदवारी कर सकते हैं. वहीं पूर्व सीएम रमन सिंह राजनांदगांव से ही चुनाव लड़ सकते हैं. साथ ही तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी और विजय शर्मा भी चुनाव लड़ सकते हैं.

**सोशल मीडिया की सूची**-राजनांदगांव- डॉ. रमन सिंह, बिलासपुर- अमर अग्रवाल, रामपुर- ननकीराम कंवर, भिलाईनगर- प्रेमप्रकाश पांडेय, बिल्हा- धरमलाल कौशिक, जाँजगीर- नारायण चंदेल, मस्तूरी- कृष्णामूर्ति बांधी, बेलतरा- रजनीश सिंह, कुरुद- अजय चंद्राकर, आरंग- खुशवंत सिंह, बसना- संपत अग्रवाल, साजा- ईश्वर साहू, रायपुर उत्तर- पुरंदर मिश्रा, रायपुर दक्षिण- बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम- राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण- मोतीलाल साहू, लोरमी- अरुण साव, तखतपुर- धर्मजीत सिंह, वैशालीनगर- रिकेश सेन, बैकुंठपुर- भैयालाल राजवाड़े, कोटा- प्रबल प्रताप सिंह, पत्थलगांव- गोमती साय, रायगढ़- ओपी चौधरी, कवर्धा- विजय शर्मा, डोंगरगांव- भरत वर्मा, नारायणपुर- केदार कश्यप, जगदलपुर- किरण देव, बीजापुर- महेश गागड़ा, कोंडागांव- लता उसेंडी, अंतागढ़- विक्रम उसेंडी, धरसींवा- अनुज शर्मा, बलौदबाजार- टंकराम वर्मा, बेमेतरा- राहुल टिकरिया, भरतपुर सोनहट- रेणुका सिंह, महासमुंद- योगेश्वर सिन्हा, जशपुर- रायमुनि भगत, सीतापुर- रामकुमार टोप्पो

## अपनी मंजिल पर पहुंचने वाला है आदित्य एल-1

**बेंगलुरु,2 अक्टूबर।** इसरो ने एक बड़ा अपडेट देते हुए कहा है कि अब कुछ ही दिनों में आदित्य एल1 अपनी मंजिल पर पहुंचने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार इसरो द्वारा सूर्य पर भेजा गया आदित्य-एल1 तेजी से सूरज की तरफ बढ़ रहा है, जो इसरो के साथ-साथ पूरे देश को गौरवान्वित करने वाला है। इसरो ने आदित्य-एल1 को लेकर हाल ही में एक बड़ा अपडेट दिया है, जिससे हर भारतीय की खुशी बढ़ सकती है। पूरी दुनिया की नजर अब चंद्रयान-3 के बाद इसरो के सोलर मिशन पर टिकी हुई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि 'आदित्य-एल1' अंतरिक्ष यान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर निकलकर धरती से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने 'एक्स' पर कहा कि अब यह सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु 1 (एल1) की ओर अपना मार्ग तय कर रहा है। इसरो ने कहा कि यह लगातार दूसरी बार है कि पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र के बाहर एक अंतरिक्ष यान भेजा। इससे पहले मंगल ऑर्बिटर मिशन को भेजा गया था। वहीं यह लगातार पांचवीं बार है जब इसरो ने किसी वस्तु को किसी अन्य खगोलीय पिंड या अंतरिक्ष में स्थान की ओर सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है।। इसने अपने अंतरिक्ष यान को तीन बार चंद्रमा की ओर और एक बार मंगल पर भेजा है।

बता दें कि इसरो ने देश के पहले सूर्य मिशन के तहत 'आदित्य एल1' यान को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी)-सी57 के जरिये दो सितंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। 'आदित्य एल1' सात पेलोड लेकर गया है, जिनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे और शेष तीन प्लाज्मा और चुंबकीय क्षेत्र के इन-सीटू मापदंडों को मापेंगे।

भारत के इसरो ने 2 सितंबर को ही अंतरिक्ष में लैग्रेंज बिंदु एल1 के लिए 'आदित्य एल1' के लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास 'हेलो' कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है, जिसे सूर्य के सबसे करीब माना जाता है।

### मोदी ने राजस्थान को दी 7000 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली ,2 अक्टूबर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोंधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि आज चित्तौड़गढ़ में 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। गैस आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए देश में गैस पाइपलाइन नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है। उद्योगों का विस्तार किया जाएगा।

## नहीं हो रहा था बेटा तो पत्नी को पेट्रोल डाल जिन्दा जलाया

**सूरजपुर,2 अक्टूबर।** जिले में एक पति ने अपनी पत्नी को पेट्रोल छिड़कर जिंदा जला दिया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र में एक महिला आग लगने से बूरी तरह झुलस गई है। गंभीर हालत में महिला को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार रेणु गुप्ता की शादी लोकेश गुप्ता के साथ हुई है। लोकेश रामानुजनगर का निवासी है। शादी के बाद शुरुआत में सब कुछ ठीक चल रहा था। रेणु ने 9 साल में 2 बेटियों को जन्म भी दिया था। लेकिन परिजनों को बेटा चाहिए था। जिसको लेकर ससुराल वाले रेणु को परेशान कर रहे थे। रेणु का पति और ससुराल वाले बेटा न होने की वजह से हमेशा ताना मारते थे। इसी बात को लेकर रविवार की सुबह रेणु के पति ने उसके ऊपर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया। उधर घटना की जानकारी रेणु के मायके वालों की मिली तो वे उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराए। जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। सूरजपुर तहसीलदार के समक्ष महिला ने मरन्नासन अवस्था में अपना बयान दर्ज कराया है। रेणु ने बताया कि उसकी 2 बेटियां हैं। पिछले 9 साल में बेटा नहीं हुआ। जिसको लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते रहते हैं। रविवार सुबह में पति ने पट्रोल डालकर उसे जला दिया। उसने कहा कि घटना के समय सास भी मौके पर मौजूद थीं। मामले में महिला के मायके वालों ने पति व सास पर बेटा न होने पर रेणु के पति के परिजनों पर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है.

## औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में 15 दिन से फैला डायरिया, 100 से ज्यादा मरीज

**रायपुर,2 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

धरसीवां के औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा गांव में पिछले 15 दिन से डायरिया फैला हुआ है। मरीज रोज अस्पताल आ रहे हैं। अस्पताल में भीड़ होने और जगह की कमी से गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया है। जहां मरीजों का प्राथमिक उपचार हो रहा है। जब कैंप में स्थिति नहीं सुधरती तो उन्हें अस्पताल रेफर किया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार सिलतरा में 17 सितंबर से डायरिया फैलना शुरू हुआ। एक ही दिन में 15 से 20 मरीज आने लगे, जिससे अस्पताल में बेड की कमी हो गई। मरीजों की लगातार संख्या बढ़ती देख ग्रामीणों की मदद से गांव में कैंप लगाया गया, जिससे अस्पताल में मरीजों का जाना कम हुआ मगर गंभीर लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

15 दिनों में 100 से अधिक मरीज अस्पताल पहुंचे, जिन्हें डायरिया हुआ था। इसके बाद बीएमओ विकास तिवारी गांव पहुंचे और तत्काल गांव में मुनादी कराई। बीएमओ ने कहा निरीक्षण में समझ आया कि बारिश की वजह से पानी दूषित हो गया है जिसे पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं, जिसे रोकने घर-घर दवाई दी है। सरपंच की मदद से गांव में ही कैंप लगाया गया। जहां स्वास्थ विभाग की टीम की चौबीस घंटे ड्यूटी लगाई गई और प्रारंभिक उपचार कर मरीजों को ठीक करने की व्यवस्था की। ज्यादा गंभीर मरीजों को धरसीवां अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव में कैंप लगने के बाद मरीजों की संख्या में लगातार कमी आने लगी।

वहीं खरोरा नगर पंचायत में पानी टंकी में प्रदर्शित बोर्ड के अनुसार उसकी फरवरी 2022 में सफाई हुई थी। वहीं पीएचई के नियमानुसार उच्च अधिकारियों का कहना है कि हर छह माह से एक वर्ष के भीतर टंकी की सफाई अनिवार्य है। वहीं खरोरा नगर पंचायत की जनसंख्या लगभग 25 हजार है और यहां के 15000 से ज्यादा लोग नल का पानी पीते हैं और उस पर निर्भर हैं। उसकी सफाई न होना बीमारियों को खुला न्यौता देना है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा कि अधिकारियों को कहा गया है समय पर साफ -सफाई की जाए व जरूरी चीजों पर उनका ध्यान नहीं है। कांग्रेस सरकार में अफसरसाही हावी है, जो सिर्फ अपने आकाओ की बात सुनते हैं। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पन्ना देवांगन ने कहा कि अध्यक्ष अनिल सोनी का वित्तीय अधिकार चला गया है तो वह जिम्मेदारी भी भूल गए हैं और फोटोबाजी में व्यस्त हैं। धरसीवां बीएमओ विकास तिवारी ने सिलतरा शिविर स्थल पर सभी आवश्यक दवाइयों के अलावा एंबुलेंस भी तैयार रखने का दावा किया है। गांव के गली, चौक-चौराहों के अलावा पानी भराव स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर सावधानियां बरती जा रही हैं। बीएमओ ने दावा किया कि स्थिति सुधर रही है और नियंत्रण में है। पानी दूषित होने के कारण मरीज एकाएक बढ़े। धरसीवां में भी जो मरीज भर्ती हैं वे स्वस्थ्य होकर घर जा रहे हैं। सिलतरा शिविर में मरीजों का आना-जाना लगा है जो ज्यादा गंभीर हैं उन्हें भर्ती कर रखा गया है।

### मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पकड़ा

**नईदिल्ली,2 अक्टूबर।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शफी उज्जमा को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे आईएसआईएस मामले में वांछित था। एनआईए ने आतंकी पर 3 लाख रुपये का इनाम भी रखा हुआ था। पेशे से इंजीनियर शाहनवाज पुणे पुलिस की हिरासत से भाग कर दिल्ली में छिपकर रह रहा था। सूत्रों से मिली सूचना के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी के साथ-साथ कुछ अन्य लोगों को भी साउथ ईस्ट जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों से कुछ आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है।

एक नजर



## दिन दहाड़े मोटर साइकिल चोरी करने वाले को पुलिस ने दबोचा

**भिलाई, 2 अक्टूबर।** दिन के उजाले में मोटर साइकिल की चोरी करने वाले चोर को पाटन पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। प्रार्थी अशोक साहू पिता विष्णु राम साहू ( 30 वर्ष ) सा ग्राम कौही थाना रानीतराई ने इस आशय का रिपोर्ट दर्ज करायी कि यह नगर पंचायत पाटन में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत है 21 सितम्बर को सुबह करीब 10.30 बजे यह अपनी मोटर साइकिल हीरो पैशन प्रो क सीजी 07 एएच 6848 को नगर पंचायत परिसर पाटन में रखकर काम करने लगा वापस आकर अपने मोटर साइकिल के पास जाकर देखा तो बाइक क सीजी 07, एएच 6848 कीमत 10,000 रुपये नहीं था जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया प्रार्थी की रिपोर्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी प्रीत यादव पिता स्व. मनोज यादव ( 33 वर्ष ) सा नेवई बस्ती को मामले में चोरी करने के संबंध में पूछताछ की गई आरोपी प्रीत यादव पिता स्व मनोज यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेजा गया है।

## हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाला बदमाश गिरफ्तार



भिलाई, 2 अक्टूबर। सुपेला थाना क्षेत्र हथियार लेकर लोगों को दबंगई कर लोगों को धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है युवक के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है सीएसपी भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि बस स्टैण्ड सुपेला के पास लोगों को सुपेला निवासी उपेन्द्र साव गोरखा डरा धमका रहा था जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

## मॉर्निंग वाक पर निकले रिटायर्ड बीएसपी कर्मी की सड़क हादसे में मौत

भिलाई, 2 अक्टूबर। भट्ठी थाना क्षेत्र मॉर्निंग वॉक कर रहे एक रिटायर्ड बीएसपी कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई । पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि एवेन्यू क्वार्टर 3 बी सेक्टर-1 निवासी रिटायर्ड बीएसपी कर्मी दयानंद शर्मा ( 64 वर्ष ) मॉर्निंग वॉक करने निकले थे। सेक्टर -1 गैरेज रोड पर पहुंचे थे तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## महात्मा गांधी,शास्त्री जी की जयंती पर निकाली प्रभातफेरी



**कवर्धा, 2 अक्टूबर।** केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर , क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल,जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरी साहू के आदेशानुसार शहर महिला कांग्रेस व सेवा दल कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, व पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के शुभ अवसर पर गांधी जी द्वारा रचित संकीर्तन रघुपति राघव राजाराम गाते हुए कांग्रेस कार्यालय से महामाया चौक,राजमहल चौक,जगन्नाथ मंदिर चौक, करपात्री चौक,शीतला चौक, ऋषभ देव चौक,पुराना नगर पालिका,महावीर स्वामी चौक,इंदिरा गांधी चौक,सिगनल चौक होते हुए रानी झांसी बालोद्यान में स्थापित बापू जी की प्रतिमा पर सभी कांग्रेस जनों से फूल माला गुलाल लगाकर,गांधी जी एवम् शास्त्री जी को नमन करते हुए उनके जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित किएआज इस अवसर पर पूर्व शहर अध्यक्ष मुकुंद माधव कश्यप ,जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू मनोज दुबे,नारायणी टोडर,सेवा दल शहर अध्यक्ष पदूम सेन, तुकेश्वर साहु,जय प्रकाश बारले, पार्षद संतोष यादव,अयोध्या साहु,,विजय चंद्रवंशी,महिला कांग्रेस रामेश्वरी चौहान,भागीराम साहु, रामानुज श्रीवास, प्रमिला पांडे,हिरा बघेल,रोशनी मेरावी, चंद्रिका रजक, त्रिवेणी मानिकपुरी, संतोषी मानिकपुरी ,उमा यादव , अफजल खान,शिव साहू,आदि कांग्रेस जन उपस्थित हुए ।

## कोलियारी में विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

**अंवरी,2 अक्टूबर।** जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू जी के विशेष प्रयास से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 के ग्राम पंचायत कोलियारी में 14 लाख के विकाश कार्य रंगमंच बजार चौक का लोकार्पण वा शारदा चौक में रंगमंच का भूमिपूजन संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोविंद साहू ने कहा की विकास का क्रम रुकना नहि चाहिए ।

# पीएम के आव्हान पर स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लेकर स्वच्छता श्रमदान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 अक्टूबर।** विजय कुमार साहु तहसील महामंत्री ने बताया की प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर तहसील साहू संघ स/लोहारा, जिला- कबीरधाम ने स्वच्छता ही सेवा है का संकल्प लेकर स्वच्छता श्रमदान किया । आज ग्राम-रणवीरपुर साहू समुदायिक भवन व उसके आसपास की साफ-सफाई सफाई किया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ स/लोहारा के संरक्षक ईश्वर साहू, भोलाराम साहू, अध्यक्ष दशरथ लाल साहू जी,संघ के महामंत्री विजय कुमार साहु,देवराम साहू,परस साहू, संघ के संघठनसचिव बेदराम साहू, नेतराम साहु, कमलेश साहू, बलदाऊ साहू,छगुराम साहू, गंगाराम साहू, ढुरूसाहु,भारत साहू व साहू समाज का प्रमुख पदाधिकारीयों ने साफ-सफाई किया।

स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष दशरथ लाल साहू ने कहा सफाई हमें स्वयं की व आसपास की करते रहना चाहिए। हमें बेहद खुशी है इस प्रकार के कार्यक्रम हमारे साहू समाज करते रहती है। समाज संरक्षक श्री ईश्वर लाल साहू ने कहा स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। अधिवक्ता भोलाराम साहू ने कहा स्वच्छता अपने से शुरू होता है और जीवन के हर पहलू में होते रहता है।स्वच्छता को सेवा मानकर सदैव अपने घर,गली मोहल्लों,सामाजिक भवन,स्कूल,सड़को, तालाबों,सामुदायिक स्थानों,अपने आसपास के स्थानों की करते रहना चाहिए। श्री देवराम साहू ने कहा स्वच्छता निरंतर चलने वाली प्रकिया है। श्री परस साहू ने बताया कि केवल एक दिन स्वच्छकर लेने से स्वच्छता अभियान पूरा नहीं होंगा इसे जीवन पर्यंत अपनाएं।

महामंत्री विजय कुमार साहु ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें न कराए व सर्वजनहिताय को मूल मानते हुए स्वयं स्वच्छ रहकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया।

## भाजपा उतई मंडल एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया व श्रमदान किया

**उतई, 2 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आज 1 अक्टूबर की सुबह 10 बजे से भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व आमजन के सहयोग से उतई नगर के सभी चौक चौराहों एवं आम बाजार तालाब में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत नगर की विभिन्न गलियों,नालियों आंगनबाड़ी केंद्र,पंचायत भवन घर,स्कूल आदि सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया गया। अंत में ष्टद्धस्स्न के आईजी सर ने सभी को संबोधित किया।उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री ललित चंद्रकार,जिला मंत्री रोहित साहू,मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु,नेता प्रतिपक्ष योगेश ठाकुर,पार्षद द्वय सतीश चंद्रकार,भीमसेन सिन्हा,लक्ष्मीनारायण साहू, रूपेश पारख,करण सेन,चेतन साहू,डॉ अनिल साहू, बृजमोहन साहू,देवेंद्र भारती, इमरान खान,भूपेंद्र साहू,पूरन बघेल,सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान उपस्थित रहे।*

## सुबह भाजपाइयों ने महात्मा गांधी के विचारों को याद किया



**कवर्धा, 2 अक्टूबर।** सुबह सुबह पूर्व विधायक और जिलाध्यक्ष अशोक साहू , पूर्व विधायक सियाराम साहू , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट , जिला महामंत्री संतोष पटेल , जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू , रूपेश जैन सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा की पूजा कर महात्मा गांधी के विचारो को याद किया ।

## छत्तीसगढ़ संभागीय लेखाधिकारी संघ ने किया संदीप बरनवाल का सम्मान



**कवर्धा, 2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ महालेखाकार कार्यालय के अधिकारी संदीप बरनवाल, वर्तमान पदस्थापना, लोक निर्माण विभाग, कवर्धा को छत्तीसगढ़ संभागीय लेखाधिकारी संघ के द्वारा रायपुर में आयोजित द्विवार्षिक बैठक में सम्मानित किया गया। लेख है कि उन्होंने गत 11 फरवरी से 19 फरवरी के दौरान सेव फ्यूल, सेव नेचर ऐंड स्टे हेल्दी संदेश के साथ अपने दो अन्य साथियों अनिल कुमार एवं संकल्प दीक्षित के साथ कवर्धा से वाराणसी तक की साइकिल यात्रा की थी। इस यात्रा को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक श्री लाल उम्मेद सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया था।

## महात्मा गांधी,शास्त्री को याद कर श्रमदान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई।** 'गांधी जी का सपना, ''स्वच्छ हो भारत अपना''- बापू के इस सपने को नव राष्ट्र निर्माता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपना पुनीत कर्तव्य मान महात्मा गॉधीजी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 1 अक्टूबर 2023 को पूरे भारत में ''स्वच्छांजलि'' पखवाड़ा अभियान चलाया । इस संजीवनी-अभियान से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना व जुड़ने को प्रेरित करना रहा ।इस राष्ट्र आह्वान पर शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी शालाओं शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर, शकुन्तला विद्यालय रामनगर, शकुन्तला विद्यालय क्र-2, शारदा विद्यालय वैशाली नगर ने अपने अपने क्षेत्र में इस क्रांतिकारी मुहीम में जुड़क अपनी भूमिका निभाई। सर्वप्रथम सभी ने राष्ट्र की दोनों महानविभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित की । फिर एक घण्टे का श्रमदान कर शाला को निर्मल बनाकर बापू के समूख स्वच्छाजंलि अर्पित की । भारतमाता की जय, जय जवान-जय किसान के जयघोष से लोगों में प्रेरणा भरते हुए ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने कहा - जब किसी पवित्र कार्य में समाज का छोटा-बड़ा हर वर्ग का व्यक्ति जुड़ता है तो वह कार्य, कार्य नहीं एक क्रांति का रूप लेता है। स्वच्छता की क्रांति हमारे ओजस्वी प्रधानमंत्रीजी का संकल्प है, और इस पवित्र संकल्प से जुड़कर बापू के सपने को नया आकार दे । आपकी यह भूमिका मात्र एक घण्टे तक सीमित न रह जाये बल्कि यह हम सबके आचरण में शामिल है और सुंदर, स्वच्छ समाज का निर्माण करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विपिन कुमार (शकुन्तला विद्यालय), मैनेजर ममता ओझा (शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर), व्ही दुबे, अभय दुबे, प्राचार्य सुतापा सरकार (शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर), आरती मेहरा प्राचार्य (शकुन्तला विद्यालय क्र-2), उपप्राचार्य जी. रंजना कुमार, अनिता नायर, हेडमिस्टेऊस पुष्पा सिंह, सुनीता सक्सेना, अनामिका राय सीनियर मिस्टेऊस बलजीत कौर, रेन्जिनी एम. आर., रिंकू कुदेशिया एंव सीनियर एक्टिविटी इंचार्ज पूजा बब्बर, राजेष वर्मा, प्रतीक ओझा, वनिता ओझा, सुभाष पासवान, शिक्षक-शिक्षिकाओं एव विद्यार्थियों ने भी अपना श्रमदान दिया ।

## नगर में श्रम दान कर जनप्रतिनिधियों ने दिये स्वच्छता का सन्देश



**जामुल, 2 अक्टूबर।** अक्टूबर को प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर नगर पालिका परिषद जामुल द्वारा क्षेत्र में श्रम दान कर गांधी जयंती के पूर्व वार्ड क्र. 19 सुरडुंग एवं रावण भाठा , शमशान घाट, कृष्णकुंज, तालाबों एवं हॉस्पिटल में फैले गंदगी को जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा श्रम दान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर समस्त वार्डों में वार्डवासियों द्वारा श्रम दान किया गया एवं अपने मोहल्ले व वार्ड को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, समस्त पार्षदगण, एल्डरमेन एवं सीएमओ जे.पी.बंजारे, सहायक अभियंता सी.बी.परगनिहा, उपअभियंता विनोद कनोजिया, कृष्ण नारायण ताम्रकार, लेखापाल पुनीत वर्मा, स0रा0नि0 मोहन वर्मा, सफाई दरोगा महेन्द्र परगनिहा पी.आई.यू. गौरव केशरवानी, एपीएम यशु परगनिहा एवं समस्त नगर पालिका के कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक, मोहल्ला वासी उपस्थित थे।

# भाजपा उत्तर मंडल पाटन ने सेवा पखवाड़ा मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 अक्टूबर।** भाजपा उत्तर मंडल पाटन के नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में नगर अध्यक्ष डॉ आलोक पाल के नेतृत्व में 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री मान नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती तक सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमे आज बाजार चौक अमलेश्वर में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित भाजपा मंडल के अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर ने कहा किमहात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने ÷स्वच्छ भारत÷ का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। महात?मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक?टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल कार्यान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इस अभियान का उद्देश्य अगले पांच वर्ष में स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है ताकि बापू की 150वीं जयंती को इस लक्ष्य की प्राप्ति के रूप में मनाया जा सके।इस अवसर पर प्रमुख रुप से मण्डल अध्यक्ष उत्तर पाटन लोकमणि चंद्राकर, कैलाश यादव महामंत्री उत्तर पाटन, डॉ आलोक पाल नगर अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धिवर, रामाधार साहू, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मोहन साहू, ममता शर्मा, युवा मोर्चा नगर पालिका कमलेश साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, रवि चंद्राकर, शिवा साहू, मनोहर साहू, ताम्रध्वज साहू, विकाश सोनी, मृत्युंजय देवांगन,प्रकाश कश्यप, राहुल साहू, सुरेन्द्र शर्मा,देव पाटकर सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 1 घंटा श्रमदान कर वार्डो एवं विभिन्न स्थलों की सफाइ की



**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में भारत सरकार, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देश अनुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 01 अक्टूबर को 1घंटा श्रमदान हेतु स्कूल, आम नागरिक, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों , स्व सहायता समूह को श्रमदान करने हेतु आमंत्रित किया गया था जिसके तहत निकाय क्षेत्र के आम नागरिक, गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधो के सहयोग से आज दिनांक 01 अक्टूबर को समय 10 बजे से 11 बजे तक श्रमदान किया गया जिसमें सभी वार्ड की सफाई की गई बाजार चौक, तहसील कार्यालय के पास, डीहपारा चौक, मुस्लिम चौक, राममंदिर चौक,बस स्टैंड कृष्ण कुंज,इत्यादि स्थलों का सफाई में श्रमदान विभिन्न आम नागरिक, अध्यक्ष प्रतिनिधि बिहारी साहू,रोशन अग्रवाल एल्डरमैन, भुनेश्वर पार्षद , समालिया साहू पार्षद,राधेश्याम ढीमर,पूर्व उपाध्यक्ष,शासकीय बालक स्कूल से प्राचार्य एवम शिक्षकगण ,गणमान्य नागरिको,बलदाऊ मिश्रा,लोचन सिंह ठाकुर,रामायण सिन्हा , निकाय से उपभियंता, बिसनाथ ठाकुर , उमेंद धुर्वे,कंप्यूटर ऑपरेटर,सफाई प्रभारी गिरधारी सिन्हा,मनोज चौबे,मनोहर यादव,आजम बेग,सुमेर,झ्श्वद्व अजय साहू, कर्मचारियों, सहित स्वच्छता दीदियों, स्व सहायता समूह, सहित अनेक गणमान्य नागरिको के सहयोग से श्रमदान कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## कलेक्टर सहित अधिकारियों ने महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें नमन किया



**कवर्धा,2 अक्टूबर।** कबीरधाम जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया गया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, कवर्धा एसडीएम पीसी कोरी, डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज बिसेन, अधीक्षक राजेन्द्र धुर्वे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट परिसर के प्रांगण में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पहुँच कर माल्यापर्ण एवं तिलक लगाकर उन्हें नमन किया गया। यहां पर महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद भी किए गए।

# रिसाली में श्रम दान कर उजाड़ हो चुके गार्डन को संवारा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 2 अक्टूबर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रिसाली के 40 वार्डो में एक समय पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने श्रम दान किया। रविवार को शहर को साफ सुथरा रखने महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेंद्र साहू ने मानव श्रृंखला भी बनाई। लगभग 4 घंटे के प्रयास के बाद महापौर की टीम ने वार्ड 27 मैत्री नगर के उजाड़ हो चुके गार्डन को सवारा। रिसाली के सभी वार्डो में सुबह 10 बजे से श्रम दान करने निर्धारित स्थान पर नागरिक एकत्र हुए। निगम महापौर और उनकी टीम मैत्री नगर फेस 6 स्थित गार्डन की सफाई करने जुटे। पाश कालोनी होने के बाद भी गार्डन की जमीन पर न केवल झाड़ियां उग आई थी, बल्कि आस पास के लोगो ने इसे ट्रेचिंग ग्राउंड बना रखा था। देखने पर प्रतीत हो रहा था मैदान को कुछ घंटे में साफ करना असंभव है, लेकिन शहर सरकार और नागरिकों की मेहनत रंग लाई। इस अवसर पर विशेष रूप से एम आई सी चंद्रभान ठाकुर, अनूप डे, सनीर साहू , वार्ड पार्षद सुन्दा चंद्राकर, जमुना ठाकुर, विलास राव बोरकर, एल्डर मेन संतू दास, मो निजाम , शिशिर साहू , ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ व निगम के अधिकारी मौजूद थे। विशेष अभियान में वार्ड पार्षद, नागरिक, सामाजिक संगठन और व्यापारिक संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। वार्डो में गठित राजीव मितान क्लब के युवा सदस्यों ने श्रमदान करने सक्रिय रहे।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला में चलाया स्वच्छता अभियान

**राजनंदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला के शाला प्रांगण एवं पंचायत परिसर और ग्राम के अन्य जगहों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छता अभियान में शाला परिसर पंचायत परिसर के आसपास के कूड़ा करकट को साफसफाई किया गया। स्वच्छता अभियान में संस्था प्रमुख डीण् केण् चंद्राकरए जेण्एलण् साहूए आरण् केण् यादवए डीण्सीण् साहूए यामिनी ठाकुरए एमण् केण् साहूए शाला प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष देवकुमार साहूए महेंद्र निषादए सुखराम साहूए संगीता साहूए रुखमनी साहूए अनुसूईया यादवए जानकी यादवए पेमीन यादवए संतोषी साहूए केवल साहू एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

# पावर हाउस बस स्टैंड का एकमात्र सुलभ शौचालय 9 महीनों से बंद



**भिलाई, 2 अक्टूबर।** पावर हाउस बस स्टैंड एवं रविशंकर शुक्ल मार्केट सहित क्षेत्र के एकमात्र सुलभ शौचालय कांप्लेक्स को 9 महीने से सौंदर्यीकरण के नाम पर ताला बंद कर किए जा रहे कार्य का सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने निरीक्षण किया। तथा शौचालय के अभाव में जूझ रहे लोगों से रूबरू हुए । निरीक्षण के दौरान स्थानीय व्यापारी उज्जवल सेन, डिपिन, सुखविंदर सिंह सहित अनेको ने बताया कि 9 महीने में सुलभ का लगा हुआ है। अच्छा खासा लोहे के बड़े बने ग्रिल गेट को तोड़कर छोटा सा ग्रिल गेट लगाने कार्य किया गया है तथा केयरटेकर के बैठने वाले पक्के छज्जे भवन को तोड़कर निम्नस्तर का टीन का सेट डालने का कार्य हुआ है ।

शिव सोनी, मिंटू, राजू गुप्ता, संदीप आदी ने बताया कि लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद शौचालय में बैठने वाली मुर्गा सेट को सुधारने का नाही कोई कार्य हुआ है और नाही सिपेज व जर्जर अवस्था में बने हुए केयरटेकर के विश्राम रूम तक को सुधारने का कोई काम किया गया है । नए दरवाजा को दिखाने के लिए शौचालय में लगे अच्छे खासे दरवाजे को हटा दिया गया है पर अभी तक नया दरवाजा लगाने का कोई कार्य किया गया है । शौचालय 9 महीने से बंद होने के चलते स्थानीय लोगों को शौचालय एवं बाथरूम के लिए जहां कई तरह के परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। राहगीर को शौचालय के अभाव में मार्केट के दुकानों के सामने शौचालय एवं बाथरूम करने की बाते सामने आई है । निरीक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील के साथ वरिष्ठ युवा नेता मोहन रेड्डी, राजू गुप्ता, बब्बू, प्रभाकर सहित अनेकों मौजूद थे ।

## पेंशनरों की बैठक 8 अक्टूबर को

**अंवरी।** पेंशनर एसोशिएशन कुरुद शाखा की मासिक बैठक 8 अक्टूबर को 12 बजे से संजय नगर डीपो रोड के पेंशनर भवन में किया जाएगा जिसमें अक्टूबर माह में जन्म लेने वाले पेंशनरों का जन्मदिवस मनाया जाएगा एवं नए पेंशनरो को श्री फल से स्वागत किया जाएगा पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनहरण लाल बैस ने सभी पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की है ।

# गौठानों और रीपा के माध्यम से ग्रामीण रोजगार को मिला बढ़ावा:मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ली राज्य स्तरीय दिशा समिति की समीक्षा बैठक

**रायपुर, 2 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में रविवार को विकास भवन कार्यालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक हुई। बैठक में दिशा समिति अंतर्गत सामूहिक कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें साथ ही लक्ष्यों को समय से प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गौठानों और रीपा के माध्यम से ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिला है। राज्य सरकार द्वारा स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए सी-मार्ट की स्थापना की गई है। रोजगार बढ़ाने हेतु स्व-सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

राज्य स्तरीय दिशा समिति की समीक्षा बैठक में केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा, निगरानी, मूल्यांकन तथा केन्द्र एवं राज्य के मध्य समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, शहरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग,



राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, खाद्य, स्किल डेव्हलपमेंट, चिप्स, खनिज विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में मनरेगा अंतर्गत कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि सितम्बर 2023 की स्थिति में मनरेगा अंतर्गत 19.92 लाख परिवारों को कार्य मिला है वहीं 01 लाख 36 हजार 838 कार्यों को पूर्ण किया गया है। मनरेगा अंतर्गत विगत पांच वर्षों में 5 हजार 690 नवीन तालाब, 2 हजार 915 अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। आधार बेस्ड भुगतान में राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर 7वां स्थान है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना - 2 अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना - 3 अंतर्गत 5612 किलोमीटर लम्बाई की शतप्रतिशत की स्वीकृति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रथम है एवं समस्त लम्बाई पूर्ण कर ली गई है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के प्रथम चरण में 175 ग्रामों का चयन किया गया है। उक्त चयनित सभी ग्रामों में वांछित संकेतकों को पूर्ण कर आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना अंतर्गत विगत वर्षों में 01 करोड़ 37 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क जांच एवं दवाई वितरित की गई है। मातृ मृत्यु अनुपात 23 प्वाइंट के साथ देश में द्वितीय सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई है।

बैठक में सांसद श्री गुहाराम अजगले, संसदीय सचिव श्री कुंवर सिंह निषाद, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, श्रीमती रेणु पिल्ले सहित सभी भारसाधक सचिव उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रेकी डिवाइन हीलिंग फॉउंडेशन ने सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम के तहत लोगों को सामान बांटा




**रायपुर 2 अक्टूबर।** शाम 5 बजे अश्विनी नगर स्थित घरौंदा (मानसिक रुगण लोगों का आश्रयगृह) मे अध्यक्ष श्री अतनु लाहिरी जी की अध्यक्षता में 18 से 40 वर्ष तक के महिला और पुरुष दोनों के लिए ,दैनिक उपयोग की सामग्री ,(कपड़े धोने के साबुन ,सर्फ ,नहाने का साबुन , पेस्ट ,ब्रश ,हेयर आयल, ),वस्त्र डाइपर, मोजे टीशर्ट्स , चादर, कंबल) खाद्य सामग्री (बिस्किट ,केला समोसा, ढोकला, अनाज,सब्जी, केक ,टॉफी ग्लूकोज़ दलिया आदि का वितरण किया गया। मोनिका सिकदार, राकेश अग्रवाल शिउली मां, रश्मि मां, सरोजिनी मां,निकिता ,रैना, स्वीटी, खुशबू, यामिनी,काजोल, निहारिका, अचला मां,आदि साधकों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### स्वच्छता पखवाड़ा में किया श्रमदान



**राजनांदगांव 2 अक्टूबर।** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आज राजनांदगांव स्टेशन परिसर में प्रातः दस बजे से ग्यारह बजे सामूहिक श्रमदान कर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सेना से रिटायर्ड रेलवे सलाहकार समिति के गुरुमीत सिंह भाटिया व सामाजिक कार्यकर्ता सतीश भट्टड़ के मुख्य आतिथ्य में नागपुर से आए पी टी नायक वरिष्ठ मंडल कार्मिक ने उपस्थित जनसमुदाय को स्वक्षता अभियान की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में तीनो फ्लेटफार्म रेलवे पटरियों के साथ ही पूरे परिसर की साफ सफाई की गई जिसमे सब ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दोरान रेलवे सलाहकार समिति एनसीसी कैडेट्स गायत्री परिवार निर्धन सहायता संस्थान स्टेट स्कूल कलश लोक कला मंच अंजनी भजन मंडली रेलवे प्रशासन के सदस्यों द्वारा स्वक्षता जागरुकता हेतु एक रैली भी निकाली गई जिसमे स्वक्षता से संबंधित नारो के साथ रैली ने भ्रमण कर लोगो से स्टेशन पर साफ सफाई अभियान में सहयोग हेतु अपील की गई। कार्यक्रम स्टेशन मास्टर आर के बर्मन रेलवे सलाहकार समिति के डॉ मिथलेश शर्मा अनिमेष रॉय गेंदलाल निषाद महेश साहू अंकिता श्रीवास्तव पुलिस प्रशांत अडलकर निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हत्या के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 2 अक्टूबर।** 28 सितंबर को प्रार्थी खेलचंद गजभिये पिता स्व0 जेठूराम गजभिये उम्र 40 साल निवासी केशर नगर वार्ड न0 31 राजनांदगॉव का थाना हाजिर आकर मर्ग इंटीमेशन चाक कराया कि इसका चाचा ससुर का लडका अश्विन मेश्राम जो अपनी पत्नि रोशनी मेश्राम के साथ 03 माह पूर्व राजनांदगॉव आकर शुभम यादव निवासी मठपारा के घर में किराये में रह रहा था दोनो पति-पत्नि सोनी डेयरी कमल टाकिज के पास राजनांदगॉव में काम करते थे दोनो डेढ वर्ष पूर्व लव मैरिज किये थे कि अश्विन मेश्राम दिनांक 28.09.2023 को लगभग 08:00 बजे सूचक की पत्नि रंजू गजभिये के मोबाईल में फोन कर बताया कि रोशनी मेश्राम फॉसी लगा ली है तब इसकी पत्नि रंजू यादव मठपारा शुभम यादव के घर जाकर देखी तो घर का दरवाजा की सिटकनी लगी थी तब प्रार्थी ने अश्विन मेश्राम को फोन कर पूछने पर अपनी पत्नि रोशनी मेश्राम को मारकर जमीन में लेटाकर अपने गॉव खतिया जिला गोंदिया महाराष्ट्र भागकर आ जाना बताया।

# जिला कांग्रेस ग्रामीण राजनांदगांव की कार्यकारिणी घोषित, नवाज समर्थकों का रहा दबदबा







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 2 अक्टूबर।** जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव ग्रामीण की कार्य करने की घोषणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के अनुमोदन प्रसाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मालकांत सिंह गड्डू जी ने सूची जारी की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी के नाम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी मुहर लगा दी है आने वाले चुनाव को देखते हुए जल्द कार्यकारिणी घोषित होने से नव नियुक्त पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और पूरी लग्नशीलता से पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरी बार कांग्रेस सरकार लाने की दिशा में यह मजबूत कदम है जनता तक कांग्रेस की आवाज पहुंच कर भाजपा की असफलता को उजागर करने का संकल्प लिए है।

नव नियुक्त कार्यकारिणी में स्थाई आमंत्रित सदस्य विधायक दलेश्वर साहू ,भुनेश्वर बघेल ,श्रीमती छानी साहू पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक इमरान मेमन, प्रकाश यादव, भोलाराम साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिदभाई ,डॉक्टर थानेश्वर पाटील

विशेष आमंत्रित सदस्य किशन खंडेलवाल, नवाज खान, पदम सिंह कोठारी, जितेंद्र मुदलियार, श्रीमती हेमा देशमुख, निखिल द्विवेदी, रूपेश दुबे, विवेक वासनिक, सुदेश देशमुख नरेश डाकलिया, क्रांति बंजारे, विभा साहू , सुदेश मेश्राम, हीरा निषाद, भावेश सिंह, टीके साहू, रोहित चंद्राकर, मनोज सिन्हा, संगीता गजभिए ,सुनील लारोकर, चित्र लेखा वर्मा, राजकुमारी सिन्हा कोषाध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख कार्यकारिणी सदस्य - कमलजीत सिंह , तूलदास साहू, टोमिन चंद्रवंशी रामादेवी वर्मा ,एकता चंद्राकर , अरुणा देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यकारणी में




जगह दी गई है। डोंगरगढ़ के लोगों को भी इस कार्यकारिणी में जिम्मेदारी मिली है जिसमें वर्तमान पार्षद मनोज साहू, राहुल यादव, ऋषि शर्मा, रवी वाघमारे सहित अन्य को जिम्मेदारी दी गई है ज्ञात हो की नवाज खान के समर्थकों में इस कार्यकारिणी के गठन के बाद अलग सा उत्साह नजर आ रहा है और ऐसा उत्साह लाज़मी भी है क्योंकि वे शुरू से ही जमीनी स्तर पर लगातार कार्य कर रहे हैं यही कारण भी रहा है कि इन्हें शीर्ष कमान द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई है ,

# जैनतीर्थ स्थल चंद्रगिरी से भोपाल के दम्पति के 6 लाख के जेवरात चोरी

- थाने में शिकायत करने व घंटो बैठने के बाद भी शिकायत दर्ज नहीं
- ट्रस्ट की बदनामी के डर से मामले को दबाने का प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 2 अक्टूबर।** धर्मनगरी कहे जाने तीर्थस्थल में भगवान स्वरूप विघासागर जी का प्रवचन चंद्रगिरी में चल रहा है जिनके दर्शन के लिए देश के दर्शनार्थीगण बड़ी संख्या में पहुँच रहे है ।

चंद्रगिरी के क्वाटर नंबर 02 से भोपाल की दम्पति ने 1 अकटूबर को लगभग 12 बजे दोपहर में प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समक्ष डीओ में बैठे धन्नालाल सिन्हा उप निरिक्षक के सामने बताया कि हमारा बैग चोरी कर ले गया है जिसमें 2 नग हीरे जड़ीत कंगन व 4 नग सोने की अंगूठी कीमती लगभग 6 लाख को हमारी गैर मौजूदगी में बैग सहित चोरी कर लिया गया है। भोपाल के दम्पति का चंद्रगिरी तीर्थस्थल से चोरी हो जाने की खबर लगते ही डोंगरगढ़ के पत्रकार सच्चाई जानने जब थाने पहुँचे तो प्रार्थी दम्पति ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मीडियाकर्मियों को निवेदन करते कहा कि हमें कोई बाईट नहीं देनी है इसमें मन्दिर ट्रस्ट की बदनामी होगी जिसे हम नहीं चाहते परंतु निवेदन है कि ऐसा किसी के साथ ना हो इसकी जवाबदारी कौन लेगा ? इस मामले में पत्रकारों के समूह ने चंद्रगिरी घटना स्थल का जायजा लेने पहुँचे और चोरी की घटना के संबंध में विस्तृत ब्योरा लेने पर बताया गया कि भोपाल की दम्पति जो क्वाटर नंबर 02 में ठहरे थी व उनके सामान की चोरी हुई है जिसकी शिकायत आई ही और हम परिसर में लगे सारे सीसीटीवी खंगाल दम्पति का सामान कौन ले गया है उसका पता कर रहे है और बहुत जल्दी ही पता चल जायेगा कि आखिर चोर कौन है। मामले के जानकारी लेने पर डोंगरगढ़ थाना प्रभारी राम अवतार ध्रुव ने कहा कि चंद्रगिरी में चोरी हुई है ये आप लोगों को किसने बताया। हमारी जानकारी में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और ना ही किसी प्रार्थी की शिकायत है और इस घटनाक्रम का आपके अखबार में प्रकाशन हुआ तो तुम्हारी पत्रकारिता निकाल दूंगा।

### स्वच्छांजली कार्यक्रम के तहत श्रमदान करें : डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

**रायपुर 2 अक्टूबर।** 1 अक्टूबर राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान 1 तारीख 1 घंटा 1 साथ के अंतर्गत ग्रीन आर्मी ब्राउन विंग द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रायपुर के विभिन्न स्थानों बस अड्डा, खारून नदी के किनारे, रेलवे स्टेशन, एवं गार्डन तथा सड़कों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी ब्राउन विंग चेयरपर्सन डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छांजली कार्यक्रम के तहत हम सबको श्रमदान कर अपने शहर को अपने प्रदेश को एवं अपने राष्ट्र को स्वच्छ रखना है और राष्ट्रीय स्वच्छता आंदोलन में हमें सबको लेकर अपने स्थान को स्वच्छ रखना है स्वच्छता के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन आर्मी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अवसर पर डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करने के लिए अपने आंतरिक एवं बाहरी हित धारकों को प्रोत्साहित करके प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी रायपुरवासी साथ देवें।

# फर्जी तरीक़े से कराये गये छात्रसंघ चुनाव पर एनएसयूआई के विरोध के बाद हुई कार्रवाई

**रायपुर 2 अक्टूबर।** 16 सितंबर को प्रदेश के सब से पुराने महाविद्यालय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के विधि विभाग के अन्तर्गत आने वाले एक प्रोफ़ेसर द्वारा छात्रसंघ चुनाव जैसी स्तिथि विधि विभाग के छात्रों के समक्ष निर्मित की गई जिसके बाद अन्य छात्रों द्वारा ह्स्ढ्ढ के ज़िलाउपाध्यक्ष वैभव मुजेवार के माध्यम से इस चुनाव प्रक्रिया का विरोध ज्ञापन के माध्यम से किया गया !



वैभव मुजेवार ने बताया की जब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छात्रसंघ चुनावों पर बैन लगाया गया है जिसके चलते किसी भी महाविद्यालय में चुनाव नहीं कराया जा रहा है परंतु इसे जानते हुए भी छात्रसंघ चुनाव जैसा माहोल बना कर छात्रों को भ्रमित करना बहुत ही निंदनीय है जिसका ह्स्ढ्ढ पुरज़ोर विरोध करती है !

आज दिनांक 30 सितंबर को इस चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के 15 दिनों के बाद महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आदेश निकाल कर ऐसी सारी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है जिसका ह्स्ढ्ढ सम्मान करती है !

ज़िलाउपाध्यक्ष वैभव मुजेवार का कहना है कि महाविद्यालय द्वारा नियुक्ति को रद्द करने का निर्णयं का हम स्वागत करते हैं परंतु जिस प्रोफ़ेसर द्वारा यह कार्य जो की शासन के नियम के विरुद्ध है उसपर कार्यवाही की माँग उच्च शिक्षा मंत्री सहित समस्त उच्च शिक्षा विभाग से करेंगे और ऐसे दोषी प्रोफ़ेसर की बर्ख़ास्तगी की माँग को ले कर आंदोलन करेंगे !

# फिजियोथैरेपिस्ट स्टेट कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर हर्ष मोतीरामानी सम्मानित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर में बीते माह फिजियोथैरेपिस्ट स्टेट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । उक्त गौरवशाली आयोजन में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल सहित उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव भी उपस्थित थे । अपनी तरह के पहले कॉन्फ्रेंस में राज्य भर के फिजियोथैरेपिस्ट को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया । इसी गौरवशाली आयोजन में राजनांदगांव नगर के सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. हर्ष मोतीरमानी को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा सभागार में राज्य के पहले फिजियोकॉन 2023 का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए प्रदेश भर के फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाओं को शारीरिक दर्द से लेकर लकवा , न्यूरो आदि जैसी बीमारी में मददगार बताया । विशेष रूप से कोरोनाकाल में फिजियोथैरेपिस्ट ने जिस प्रकार अपनी सेवाएं दी है और प्रभावित लोगों को देते आ रहे हैं उसकी मुख्य अतिथि सहित उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव मुक्तकंठ से सराहना की । कार्यक्रम में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट के अध्यक्ष डा .संजीव झा भी उपस्थित थे , उन्होंने भी सभा को संबोधित किया । डॉ हर्ष मोतीरमानी को उनकी सेवाओं के लिए अतिथि द्वय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने डॉक्टर हर्ष मोतीरमानी के साथ सार्थक चर्चा भी की।

### जैन धर्म से जुड़े शब्दों का अर्थ समझाने डॉ सरिता चौधरी ने 2 साल के रिसर्च के बाद लिखी किताब

**रायपुर 2 अक्टूबर।** शहर की डॉ सरिता चौधरी की किताब जैन धर्म की विशिष्ट शब्दावली का विमोचन रविवार को हुआ। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में आयोजित कार्यक्रम में श्री प्रवीण ऋषि जी मसा और मधुर गायक श्री तीर्थेश मुनि जी मसा की निश्रा एवम सानिध्य में किताब का लोकार्पण किया गया। डॉ सरिता चौधरी ने किताब में जैन धर्म के शब्द जो प्राकृत भाषा में होते है उन्हें सामान्य अर्थ, विभिन्न ग्रंथों के आधार पर अर्थ और विशिष्ट अर्थों का वर्णन किया गया है। 560 पेज की इस किताब में 500 से ज्यादा जैन शब्द है। इसमें उन्होंने जैनेंद्र सिंध्दात कोष, निरूक्त कोष, अभिधान राजेंद्र कोष जैसे ग्रंथो के आधार पर भी अर्थ बताए है। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से किताब लिखने कार्य कर रही थी। यह किताब रिसर्चर, स्वाध्याय करने वालों तथा आम लोगों के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने बताया कि यह एक संदर्भ ग्रंथ है। जिसमें जैन धर्म के प्रचलित-अप्रचलित सभी शब्दों का वर्गीकरण, अध्ययन और विश्लेषण किया गया है। इसमें शब्दों को परिवारिक, सामाजिक आयाम, धार्मिक आयाम, दार्शनिक एवं नैतिक आयाम में बांट कर किया गया है। इसके साथ ही इन आयामों से संबंधित लोकोक्तियां, मुहावरें, सूक्तियां, प्रतीकों का वर्णन किताब में किया गया है।



संपादकीय

## पता न चले तो ज्यादा अच्छा

मानव समाज में आदमी बहुत कुछ देखकर सीखता है। जो वह अपने आसपास देखता है, उससे प्रभावित होता है, उसे बुरा नहीं समझता है क्योंकि वह देखता है कि ऐसा तो रोज उसके घर व बाहर होता है। अगर बुरा होता तो लोग ऐसा क्यों करते। बुरा नही है इसलिए तो उसके घर में लोग ऐसा करते हैं, उसके पास पड़ोस में लोग करते हैं। बच्चों व किशोरों को अच्छे व बुरा का पता अपने घर व आसपास के लगों से चलता है, वह जिसे बुरा कहते हैं, नहीं करते हैं। यह उसका सामान्य ज्ञान होता है। वह देखता लोग कुछ काम को करने से हमेशा मना करते हैं। इससे उसके मन मे यह धारणा बनती है कि यह काम बहुत बुरा है और वह काम उसके बड़ा होने पर भी बुरा होता है, जब तक कोई बड़ी मजबूरी न हो वह बचपन में जिसे बुरा समझता है, उसे बड़ा होने पर नहीं करता है.जनरल आफ एडोलसेंट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक माता पिता शराब के शौकीन है तो बच्चे में शराब पीने की आशंका चार गुना ज्यादा होती है। यानी माता-पिता शौक से बच्चों के सामने शराब पीते हैं तो बच्चो रोज देखता है तथा यह भी देखता है कि माता पिता उसे बुरा नहीं कहते हैं। यानी वह समझता है कि शराब पीना कोई बुरी बात नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक माता पिता में से कोई एक शराब पीता है तो बच्चे को शराब पीने की आदत हो सकती है।वह शराब पीना जल्द शुरू कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक यदि किशोर अवस्था में ही बच्चे शराब पीना शुरू कर देते हैं तो उनका मानसिक विकास ठीक से नहीं हो पाता है। भारतीय समाज इस बात से बहुत से पहले वाकिफ है, इसलिए समाज में पहले से ही यह तय कर दिया जाता है कि यह काम बुरा है। इसे बच्चों के सामने नहीं किया जाना चाहिए। माता पिता यदि शराब के शौकीन हैं तो उन्हें सावधानी रखनी चाहिए और बच्चों के सामने शराब नहीं पीना चाहिए। इससे कम से कम बच्चे कम उमर में शराब नहीं पीएंगे। बड़ी उमर में भी वही बच्चे शराब पीते हैं जिनकी संगच में शराब पीने वाले होते है। युवा व किशोर संगत में ही बहुत कुछ गलत करना सीखते हैं, इसलिए माता पिता को इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि कही उसकी संगत खराब लोगों के साथ तो नहीं हैं। माता पिता को बच्चों के आचार विचार पर बारीकी से नजर रखनी चाहिए। कोई भी बुरी बात बच्चों के मन में विचार के रूप में ही आती है, बच्चों के मन में शराब का विचार आ रहा है तो माता पिता को सतर्क हो जाना चाहिए कि उनके बच्चे के विचार खराब हो रहे हैं,वही से उसे समझाना शुरू करना चाहिए ताकि उसका आचार आगे चल खराब न हो। जैसे घर परिवार में बच्चों को अच्छे बुरे संस्कर मिलते हैं वैसे ही समाज व राजनीतिक दलों में भी युवाओं को अच्छे बुरे संस्कार बड़े नेताओं से मिलते हैं। भ्रष्टाचार की आदत भी घर,परिवार हो या समाज युवा आसपास देखकर ही सीखते हैं। घर में कोई भ्रष्टाचार को बुरा नहीं मानता है तो स्वाभाविक है कि उस घर के बच्चों की धारणा भी वैसी होगी। राजनीतिक दलों में भी ऐसा होता है यदि पार्टी के युवा यह देखते हैं कि पार्टी के नेता भ्रष्टाचार करते हैं, उसे बुरा नहीं कहते हैं, तो पार्टी के युवा भ्रष्टाचार को बुरा कैसे मान सकते हैं। वह भी अपने नेताओं की तरह ऊपरी तौर पर भ्रष्टाचार को बुरा कहते रहते हैं और भीतरी तौर पर भ्रष्टाचार को बुरा नहीं कहते हैं, वह कहते हैं कि पार्टी के लिए, भविष्य के लिए भ्रष्चाचार तो करना ही पड़ता है। यानी युवा तो यह देखते हैं कि नेता तो भ्रष्टाचार करने का मौका देखते रहते हैं जैसे ही उन्हें कोई ऐसा पद मिलता है तो वह भी अपने नेताओं की तरह ही भ्रष्टाचार करना शुरू कर देते हैं। जैसे एक मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है वैसे ही एक नेता पूरी पार्टी को भ्रष्ट कर देता है। इसलिए पार्टी को ऐसे नेताओं पर खास ध्यान रखना चाहिए। ताकि पूरी पार्टी भ्रष्ट न हो जाए।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन से छुटकारा मिलेगा। आज का दिन आपके रिश्ते में मिठास घोलेगा। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा काम आज पूरा हो जायेगा। आज आप पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोग समाज हित में काम करेंगे। पुत्र पक्ष से आपको सुख मिलेगा। शिक्षक आज छात्रों के डाउट क्लियर करेंगे।

**वृष राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज बुजुर्गों का धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ आज रेस्टोरेंट जायेंगे, जहां मस्ती का माहौल बना रहेगा। लॉ कर रहे छात्रों को नए टॉपिक में काफी इंटरेस्ट आएगा। सोशल मीडिया पर आपके फैन्स बढ़ेंगे, आपको काफी ज्यादा प्रोत्साहन मिलेगा। आपके रिश्ते की बात फाइनल होगी, जल्द शादी की तैयारियां करेंगे। कुल मिलाकर दिन अच्छा जायेगा।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके किसी काम की तारीफ होगी। कम्पटीशन की तैयारी में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि की जो महिलाएं अपना बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं। कठिन कार्यों में भी आप हार नहीं मानेंगे, आप तरक्की के बहुत नजदीक हैं। जीवनसाथी के साथ गलतफहमियां खत्म होंगी। लवमेट आज रिश्ते की नई शुरुआत करेंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज भाई बहनों के साथ खूब मनोरंजन करेंगे। प्रोफेसर्स के लिए दिन लाभदायक रहेगा। हाल ही में डांस अकेडमी ज्वाइन किया लोग मन लगा कर सीखें। आगे बढ़ने का मौका आपको जल्द ही मिलेगा। बिजनेसमैन आज डील साइन करेंगे जो तरक्की के साथ लाभदायक साबित होगी। माता-पिता बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए विचार कर सकते हैं।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा द्य आज कोई खुशखबरी मिलेगी जिससे आप पूरे दिन उत्साहित रहेंगे द्य ऑफिस में दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं द्य दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा द्य आज आपके विचारों में उग्रता आयेगी द्य हार्डवेयर के कारोबारियों का दिन लाभदायक साबित होगा। लवमेट से आपको सरप्राइज मिलेगा, आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। स्टूडेंट अपने रुके हुए प्रोजेक्ट को सहपाठी की सहायता से पूरा कर लेंगे द्य

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कारोबार में थोड़ा सोच समझकर आगे बढ़ना आज उचित रहेगा। रुके हुए कार्यों में आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस राशि के लोगों को जरुरत से ज्यादा किसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा में आपको अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। आज आपका व्यापार आगे बढ़ता ही रहेगा। आज आपके आय-व्यय में समानता बनी रहेगी। अगर आपने लोन के लिए अप्लाई किया है, तो उसकी स्वीकृति मिलेगी।

**तुला राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ आपका झुकाव रहेगा। दूसरों की मदद आदि के कार्य में रूचि बढ़ेगी। अगर आपने किसी से रुपए उधार लिए हैं.. तो आप जल्द उसे चुकता कर देंगे। वैवाहिक जीवन में सुख संतोष की वृद्धि होगी। आपको हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। आज आपके स्वास्थ्य में थोड़ा उतार चढ़ाव हो सकता है, अपने डेली रूटीन में मौसमी फल डुस्रस्त्र करें तो फायदा होगा।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज सम्मानित किया जाएगा। आंख की समस्या से परेशान लोग अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे। कपड़ा व्यापारियों के काम में अनुकूलता बनी रहेगी। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। लवमेट के बीच हुई गलतफहमियां आज दूर होंगी।

**धनु राशि-** आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को रोजगार का मौका मिलेगा। आज आपको सभी रुके कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र पढ़ाई में रूचि लेंगे, पनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझेंगे। नए बिजनेस की शुरुआत आपके लिए फलदायी होगी। इस राशि के लोगों की आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। कार्य क्षेत्र में दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे। पारिवारिक माहौल खुशहाल बना रहेगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवारजन की राय अवश्य लें। किसी काम को करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सरकारी जॉब वाले लोगों के प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर जल्द मिलेगी। हर कदम पर दोस्तों का सहयोग मिलेगा। उनसे अपने मन की बात आज शेयर कर सकते हैं। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। अगर आप टेक्निकल कोर्स कर रहे हैं तो आपको अच्छी जॉब मिल सकती है। ऑफिस के काम में आज व्यस्त रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियों की बौछार होगी। अपनी सेहत को ठीक रखने के लिये आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज किसी टॉपिक को समझने में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काम पर निकलते समय अचानक किसी फ्रेंड की काल आयेगी, उनसे आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। अपने जीवन को बेहतर ढंग से जीने का प्रयास करेंगे। काफी समय पहले कोई देखी गई प्रॉपर्टी लेने के लिए फाइनल डिसिशन करेंगे। दांपत्य रिश्ता पहले से और गहरा बनेगा। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से राहत मिलेगी। आपकी किस्मत के दरवाजे खुलेंगे, परीक्षा के अच्छे अंक प्राप्त होंगे।


# महात्मा गांधी: शांतिपूर्ण संघर्ष के शक्तिशाली प्रतीक

यादें

**बिशन नेहवाल**

विश्व के इतिहास में ऐसी गिनी-चुनी शख्सियतें हैं, जिनकी विरासत समय के साथ और उज्ज्वल हुई है. ऐसी ही एक शख्सियत हैं अहिंसा के दूत और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता महात्मा गांधी. दशकों से दुनिया ने गांधी को शांति के प्रतीक, उत्पीड़न के खिलाफ प्रतिरोध के प्रतीक और नैतिक गुणों के प्रतिमान के रूप में रखा है. उनका जीवन और सिद्धांत दुनियाभर के अनगिनत व्यक्तियों और आंदोलनों के लिए आशा की किरण और प्रेरणा के स्रोत के रूप में काम करते हैं. पिछले कुछ वर्षों में आलोचनाएं होती रही हैं, परंतु तमाम आलोचनाओं से परे हमें शांति, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा के सच्चे नायक के रूप में महात्मा गांधी का उत्साहपूर्वक जश्न मनाने की आवश्यकता है. गांधी के दर्शन का हृदय है- अहिंसा यानी अहिंसा का सिद्धांत. उनके इस दर्शन ने दुनियाभर में अनगिनत व्यक्तियों और आंदोलनों को प्रेरित किया. गांधीजी का दृढ़ विश्वास था कि हिंसा से और अधिक हिंसा पैदा होती है और सच्चा परिवर्तन केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही प्राप्त किया जा सकता है.

गांधीजी के अहिंसक प्रतिरोध के तरीकों, जैसे कि सत्याग्रह (सत्य बल) ने दिखाया कि रक्तपात का सहारा लिये बिना भी सबसे शक्तिशाली उत्पीड़कों का सामना करना संभव था. गांधी के जीवन के सबसे प्रतिष्ठित क्षणों में से एक 1930 का नमक मार्च (अवज्ञा का प्रतीक) था. यह केवल समुद्र तट पर एक इत्मीनान से की गयी सैर नहीं थी, बल्कि ब्रिटिश नमक एकाधिकार और दमनकारी नमक कर के खिलाफ अवज्ञा का एक सोचा-समझा कार्य था. गांधी और उनके अनुयायियों का एक समूह ब्रिटिश कानून की अवहेलना करते हुए 240 मील से अधिक पैदल चल कर अरब सागर तक गया और रास्ते में नमक इकट्ठा किया. नमक मार्च सविनय अवज्ञा का एक कार्य था, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी. यह प्रतिरोध का एक शक्तिशाली प्रतीक था, जिसने दुनिया का ध्यान



खींचा. गांधीजी का प्रभाव भारत की सीमाओं से कहीं आगे तक फैला हुआ था. अहिंसा और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दुनियाभर के नेताओं और आंदोलनों में गूंजती रही.

अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर और दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला जैसी हस्तियों ने नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए अपने स्वयं के संघर्षों में गांधी के अहिंसा के दर्शन से प्रेरणा ली. मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने प्रसिद्ध घोषणा की- 'मसीह ने हमें लक्ष्य दिये और महात्मा गांधी ने रणनीतियां.' अहिंसक प्रतिरोध पर गांधी की शिक्षाओं ने अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन के लिए एक खाके का काम किया, जिससे अंततः नस्लीय अलगाव और भेदभाव समाप्त हो गया. ऐसे ही दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ संघर्ष के दौरान 27 साल जेल में बितानेवाले नेल्सन मंडेला ने भी गांधी के अहिंसा और सुलह के सिद्धांतों से प्रेरणा ली.

न्याय के प्रति गांधी की प्रतिबद्धता राजनीतिक स्वतंत्रता से भी आगे तक फैली हुई थी. इसमें सामाजिक और आर्थिक न्याय भी शामिल था. उनका मानना था कि भारत की आजादी से न केवल देश को औपनिवेशिक शासन से मुक्ति मिलनी चाहिए, बल्कि हाशिये पर पड़े और उत्पीड़ित लोगों का उत्थान भी होना चाहिए. उन्होंने अछूतों या दलितों के हितों की वकालत की और गहरे स्तरीकृत समाज में उनके अधिकारों और सम्मान की वकालत की. उनकी स्वराज की परिकल्पना, कुटीर उद्योगों और चरखे के प्रति उनका समर्थन केवल प्रतीकात्मक नहीं था, यह आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण था, जिससे सबसे कमजोर लोगों को लाभ होगा. गांधीजी का व्यक्तिगत जीवन सादगी और मितव्ययिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. वह साधारण कपड़े पहनते थे और संयमित जीवन जीते थे. यह दिखावा नहीं था, बल्कि जनता से जुड़ने और सत्ता और विशेषाधिकार के प्रलोभन को अस्वीकार करने का एक जानबूझकर किया गया विकल्प था.

यह स्वीकार करना आवश्यक है कि गांधीजी अपूर्णताओं से रहित नहीं थे. नस्ल पर उनके विचार, विशेष रूप से दक्षिण अफ्रीका में अपने शुरुआती वर्षों के दौरान, नस्लीय पूर्वाग्रह और रूढ़ियां निहित थीं. हालांकि, गांधी अपने अनुभवों से सीखते रहे और अपने सिद्धांतों को लगातार परिष्कृत करते रहे. अपनी गलतियों को स्वीकार करने और व्यक्तिगत विकास के लिए प्रयास करने की गांधी की इच्छा उनकी मानवता का प्रमाण है. बदलने और अनुकूलन करने की उनकी क्षमता दर्शाती है कि वह एक कठोर विचारक नहीं, बल्कि एक गतिशील नेता थे, जिन्होंने निरंतर आत्म-सुधार की आवश्यकता को पहचाना. गांधीजी का जीवन और शिक्षाएं आशा और संभावना का एक कालातीत संदेश देते हैं. वे हमें दिखाते हैं कि दुर्गम बाधाओं के बावजूद, शांतिपूर्ण तरीकों से परिवर्तन संभव है. आज गोडसे बनने के लिए एक लम्हा काफी है, जबकि गांधी बनने में पूरी सदियां लग जाती हैं. इतिहास गवाह है कि आज तक कोई दूसरा गांधी नहीं हुआ. गोडसे की विचारधारा मानने वालों के लिए गांधी रोज परेशान करने वाला एक दुःस्वप्न है. यह तब तक पीछा नहीं छोड़ेगा, जब तक अन्याय, हिंसा, द्वेष रहेगा.

# महात्मा गांधी महामानव के साथ एक जीवन मूल्य भीं हैं

चिंतन

**एल.डी. मानिकपुरी, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी**


सत्य और अहिंसा के पुजारी के रूप में विश्व विख्यात महात्मा गांधी की आज जयंती है। भारत सहित पूरी दुनिया उनके आदर्शों और विचारों को जानने, समझने और स्वीकार करने में लगे हुए हैं।किंतु आज की परिस्थिति में यह कैसे संभव था कि अहिंसा और सत्य के बल पर इस महान देश को स्वतंत्रता मिली होगी! लेकिन सत्य भी है व इतिहास साक्षी है कि मोहनदास करमचंद गांधी की जीजिविषा ने, उनके आत्मबल ने अंग्रेजों की तानाशाही, जुल्म और गुलामी के खिलाफ उन्होंने अहिंसाऔर सत्य की मन्त्र को ही चुना और इस तरह करोड़ों भारतवासियों के महात्मा बन गए। महात्मा गांधी को जानने, समझने, पढ़ने और उनको आत्मसात करने के लिए बड़े दिल और दिमाम की जरूरत है। महात्मा गांधी ने जहां आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, पिछड़े तबकों की समस्याओं और जरूरत को न सिर्फ समझे बल्कि उन्होंने उस दौर में जीया भी। छुआछूत, ऊंचनीच, जाति-धर्म और रंग के खिलाफ मुखर होकर वैचारिक हथियार के दम पर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले महात्मा की आज हम सबकी जरूरत है।

जब हम ग्राम स्वराज की बात करते हैं, तब परम्परागत व्यवसाय, लोक संस्कृति, पर्व, खान-पान, बोली-भाषा को उचित मान और नई पीढ़ी को उससे जोड़कर रखना भी है। विगत पौने पांच बरस से छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार है। सरकार बनाते ही उन्होंने किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों, आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गो, युवाओं, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए ऐसी नीति तैयार की है, जो आने वाली पीढ़ियों को न्यायसंगत अधिकार भी दे रही है।

जब न्याय की बात होती है तो थाना, अदालत, कोर्ट-कचहरी आंखों के सामने दिखाई पड़ती है, इसके बावजूद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने साफ और स्पष्ट करते हुए है कि हमारी सरकार किसी के हक को मारकर आगे नहीं बढ़ेगी। साथ ही जरूरतमंद लोगों और समाज के सभी वर्गों को सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक, आर्थिक न्याय मिले इसके लिए सरकार हर समय डटे रहेगी । सम्भवतः यही वह रीति- नीति है, जो बापू के पथ पर चलने में मददगार साबित हुई है।

जब हम नीति और न्याय की बात करते हैं, तब विगत पौने पांच बरसों के आंकड़े ढूंढने लगते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर जब यह देखने को मिलता है कि आदिवासियों का मुख्य आय का जरिया तेन्दूपत्ता, लघुवनोपज आदि उत्पाद का सही दाम और सही समय पर मिलने लगे हैं, वहां निवासरत रहने वाले लोगों के जीवनस्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है तब यह सामाजिक न्याय बन जाता है और यह सरकार की उत्कृष्ट नीति, सार्थक निर्णय का ही परिणाम रहा है।

कभी सोचने में भी मुश्किल होता था कि एक गरीब व सामान्य परिवार के बच्चे भी प्रदेश के उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ेगा किंतु यह भी दूरदर्शी नीति और सकारात्मक निर्णय का ही परिणाम रहा है कि




अब प्रदेश के लाखों बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में पढ़ाई के साथ अच्छी अधोसंरचना के साथ खेलकूद में भी भाग ले रहे हैं। जब कभी सर्दी-खांसी, बुखार परिवार के किसी सदस्य को हो जाए तो कुछ पल के लिए परेशानी बढ़ जाती है लेकिन यह भूपेश सरकार की नीति ही है जिन्होंने अस्पताल को चौखट तक ला दिया। परिवार के किसी भी सदस्य को कोई गंभीर बीमारी हो जाए तो आर्थिक स्थिति बुरी तरह से चरमरा जाती है, लेकिन एक संवेदनशील और लोक कल्याणकारी सरकार की अवधारणा पर चलने वाली भूपेश सरकार ने मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के तहत पात्र व जरूरतमंद मरीजो के लिए 25 लाख रूपए तक मदद करने की जो नीति तैयार की है, वह भी एक न्याय है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी देश की आर्थिक स्थिति में अक्सर असर डालता है। किंतु छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार की ही नीति रही है, जिन्होंने कोरोना जैसे विपदा के समय भी आम लोगों को भरपेट भोजन, मनरेगा व अन्य रोजगार मुहैया कराने में सफल हुए। प्रदेश के लाखों युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि रोजगार व स्वरोजगार करने में मदद मिले। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर लगातार कम रहना प्रदेश के लिए गौरव की बात है, तो गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में कमी होना भी एक सुखद परिणाम है।

लोगों की बुनियादी जरूरतों, भोजन, आवास, सड़क, बिजली, अस्पताल, स्कूल, पीने की साफ पानी, रोजगार पर आंकलन करते हैं। तब हमें वह स्कूल की दीवार भी दिखाई देती है जो विगत 13 बरसों से बंद थीं। राज्य सरकार की संवेदनशील पहल के कारण अब स्कूल भी खुल गई और शिक्षा की रोशनी भी चमकने लगी है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक सड़क और पुल-पुलिया, 24 घंटे बिजली और हर परिवार को पक्का आवास देने जैसे कार्य योजना ने राज्य सरकार की नीति को 'छत्तीसगढ़ मॉडल' में बदल दी। कौन सोच सकता था कि प्रदेश में गोबर व गौमूत्र की भी खरीदी होगी, लेकिन यही नीति ने तो ग्रामीणों और पशुपालकों के जीवन स्तर को संवारने का काम तो किया ही, उनकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करने में भी बड़ा योगदान दिया है। सुराजी योजना, गोधन न्याय योजना ने तो देश के अन्य राज्यों को अपनी ओर खींचने को विवश किया। कई कार्यों के लिए भारत सरकार से सम्मान प्राप्त हुए और सराहना भी मिली। तब ऐसी नीति, निर्णय और न्याय से बापू के उस ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने जिस जुनून और परिश्रम के साथ जुटे हैं तब यहां के लोगों ने सहसा कहना शुरू कर दिए कि 'भूपेश है तो भरोसा है।' और इस तरह बापू के बताए मार्ग पर चलते हुए राज्य सरकार कुपोषण से छुटकारा पाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान छेड़ा है तो अन्नदाताओं के उपज का सही दाम दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से इन परिवारों को आर्थिक मदद भी की जा रही है। महात्मा गांधी जी को याद करते व श्रद्धांजलि देते समय, हमें यह संकल्प भी लेना होगा कि मीठी जुबान, सद्व्यवहार, सहयोग, सद्भाव, संवेदनशीलता, सहानुभूति, सत्य और अहिंसा ही वह शस्त्र है, जिनके बल पर समाज, प्रदेश व देश के विकास में अपनी योगदान दे सकते हैं। महामानव बापू निश्चित ही इस धरती में भौतिक रूप में नहीं है लेकिन उनके विचार, सिद्धांत युगों-युगों तक अमर रहेगा। नमन बापू..।

# लाल बहादुर शास्त्री को ऐसे ही नहीं कहा जाता है गुदड़ी का लाल

लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को आजाद करवाने में कई महापुरुषों की तरह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वे आजाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री भी बने और भारतीय राजनीति में अपनी अमिट छाप छोड़ी. 02



अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती होती है. लाल बहादुर शास्त्री जी सादा जीवन, सरल स्वभाव, ईमानदारी और अपनी दृढ़ता के लिए जाने जाते थे. उन्होंने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया. लेकिन उनके जीवन का अंत बहुत रहस्यमी रहा. शास्त्री जी की जयंती पर जानते हैं उनके जीवन, राजनीति कार्यकाल और रहस्यमी मौत से जुड़ी रोचक बातें. लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता सेनानी के साथ ही भारतीय राजनेता भी थे. उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में 02 अक्टूबर 1904 में हुआ. महज डेढ़ साल की उम्र में उनके सिर से पिता का साया उठ और ननिहाल में रहकर उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की. 16 साल की उम्र में उन्होंने देश की आजादी की जंग में शामिल होने के लिए अपनी पढ़ाई भी छोड़ दी और जब वे 17 साल के थे, तब स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था. पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने. उन्होंने 09 जून 1964 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली. वे केवल डेढ़ साल के लिए ही प्रधानमंत्री पद पर रह सके और इसके बाद 11 जनवरी 1966 को रहस्यमी तरीके से उनकी मौत हो गई. उनके रहस्यमी मौत की कहानी भी अबतक रहस्यमय ही है. कहा जाता है कि, दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई वहीं यह भी कहा जाता है कि, उन्हें जहर देकर मारा गया था.

**शास्त्री जी की मौत और ताशकंद की कहानी-**1965 में पाकिस्तान के साथ भारत की जंग हो गई. इस जंग के बाद भारत और पाकिस्तन के बीच कई बार बातचीत के बाद एक दिन और स्थान चुना गया, यह स्थान था ताशकंद. सोवितय संघ के तत्कालीन पीएम ने एलेक्सेई कोजिगिन ने इस समझौते की पेशकश की और इस समझौते के लिए 10 जनवरी 1966 का दिन तय हुआ. समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 11 जनवरी 1966 की रात रहस्यमयी परिस्थियों में लाल बहादुर शास्त्री जी की मौत हो गई.

**सहज, सरल और ईमानदार की मिसाल थे लाल बहादुर शास्त्री-**लाल बहादुर शास्त्री देश के प्रधानमंत्री बने और इससे पहले भी वे रेल मंत्री और गृह मंत्री जैसे पद पर भी रहें, लेकिन उनका जीवन एक साधारण व्यक्ति जैसा ही रहा. वे प्रधानमंत्री आवास में खेती करते थे. कार्यालय से मिले भत्ते और वेतन से ही अपने परिवार का गुराजा करते थे. एक बार शास्त्री जी के बेटे ने प्रधानमंत्री कार्यलय की गाड़ी इस्तेमाल कर ली तो शास्त्री जी ने सरकारी खाते में गाड़ी के निजी इस्तेमाल का पूरा भुगतान भी किया. प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भी उनके पास न तो खुद का घर था और ना ही कोई संपत्ति.

**जय जवान जय किसान का नारा-**लाल बहादुर शास्त्री जी 'जय जवान जय किसान' नारे के उद्घोषक थे. जब वे प्रधानमंत्री बने तब देश में अनाज का संकट था और मानसून भी कमजोर था. ऐसे में देश में अकाल की नौबत आ गई थी. अगस्त 1965 में दशहरे के दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में लाल बहादुर शास्त्री जी ने पहली बार जय जवान जय किसान का नारा दिया. इस नारे को भारत का राष्ट्रीय नारा भी कहा जाता है, जोकि किसान और जवान के श्रम को दर्शाता है. साथ ही उन्होंने लोगों से हफ्ते में एक दिन का उपवास भी रखने को कहा और खुद भी ऐसा किया.

**बचपन में तैरकर जाते थे पढ़ाई करने-**लाल बहादुर शास्त्री का बचपन काफी कठिनाइयों में गुजरा था। उनका जन्म 2 अक्टूबर, 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता की मृत्यू काफी जल्दी ही हो गई थी। जब उन्हें स्कूल में दाखिला मिला तो उनका स्कूल गंगा नदी के उस पार था। शास्त्री जी के पास में नाव का किराया देने तक का पैसा नहीं होता था। वह अपनी किताबों को सर पर बांध कर गंगा नदी पार कर पढ़ने जाते थे और फिर नदी को पार कर के वापस आते थे।

### देश के लिए लाल बहादुर शास्त्री के अहम कार्य

- शास्त्री जी भारत के पहले आर्थिक सुधारक थे.
- लाल बहादुर शास्त्री जी ने परमाणु बम परियोजना शुरू की.
- हरित और श्वेत क्रांति की शुरुआत भी शास्त्री जी ने की.
- दूध के व्यापार से उन्होंने देश को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया.
- सैनिकों और किसानों के मनोबल बढ़ाने के लिए शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया.

सेहत

# खाली पेट केला खाना चाहिए या नहीं?

केला एक ऐसा फल है जिसके सेवन को लेकर कई तरह के मिथक प्रचलित हैं. बहुत से लोगों का मानना है कि सुबह नाश्ते से पहले खाली पेट केला खाने से कई लाभ मिलते हैं जैसे वजन कम होना, पेट साफ रहना, पाचन अच्छा रहना आदि. लेकिन क्या यह सही है? क्या सच में खाली पेट केला खाना फायदेमंद होता है? या फिर इससे कोई नुकसान भी हो सकता है? आइए जानते हैं केले के सेवन से जुड़े कुछ मिथक और सच्चाई. केले में कार्बोहाइड्रेट और कैलोरीज की मात्रा अधिक होती है. इसलिए खाली पेट केला खाने से वजन बढ़ सकता है, कम नहीं. केले में काफी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और ऊर्जा पाई जाती है. एक मीडियम साइज का केला लगभग 25-30 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 90-105 कैलोरीज प्रदान करता है. केले को अकेले ना खाकर हमेशा नाश्ते या दूसरे



आहार के साथ खाने की सलाह दी जाती है. ऐसा इसलिए क्योंकि केले में कुछ ऐसे कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं जो पाचन में गैस और फूलने का कारण बनते हैं. इन कार्बोहाइड्रेट्स को फोडमैप कहा जाता है. ये आंतों में जाकर फर्मेंट होते हैं और गैस उत्पन्न करते हैं. इससे पेट फूलना, दर्द और असहजता महसूस हो सकती है. इसलिए डाइटेशियन यह सलाह देते हैं कि केले को अकेले ना खाकर हमेशा नाश्ते में दूसरे आहार के साथ खाया जाए. ऐसा करने से पाचन में कोई समस्या नहीं होती. केले का सेवन दिन के समय करने की सलाह दी जाती है ताकि इसके पोषक तत्व अच्छे से अवशोषित हो सकें. साथ ही दिनभर की एक्टिविटी से केले की कैलोरीज को भी बर्न किया जा सकता है. हर इंसान की पोषण आवश्यकताएं अलग होती हैं, इसलिए अपनी डाइट और दिनचर्या के अनुसार केले का सेवन करना चाहिए. दोपहर के भोजन के बाद या शाम को केला खाना बेहतर होता है क्योंकि इससे शरीर को धीरे-धीरे ऊर्जा मिलती रहती है.

## एक नजर

### किरंदुल नपा के विभिन्न वार्डों की समस्याओं एवं अनियमितता को लेकर सीपीआई ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**किरंदुल 2 अक्टूबर।** लौह नगरी किरंदुल में भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी शाखा किरंदुल ने विगत कई वर्षो से विभिन्न वार्डो में डी डी टी का छिड़काव नही किया जा रहा है जिससे कई प्रकार की सकमित बीमारियां फैल रही है, नगर पालिका की बंद पड़ी वाहनों के नाम से डीजल पर्ची का आबंटन कर शासकीय राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।,स्क्रेप घोषित टैक्टर ,टैंकर और अन्य उपकरणों को अपने चहेते टेकेदारो को दिया जा रहा है।,स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्क्रू सेंटर की स्थापना की गई थी वर्तमान में वो भवन ही गायब हैं।संबंधित अधिकारियों को भी इसकी जानकारी नहीं है न ही पंजी में दर्ज है।, किसी भी वार्ड में नगर पालिका का स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।, एन एम डी सी द्वारा प्रदत्त मजदूरों का ठेका पार्षद द्वारा संचालित समूह को ही दिया जाता है जबकि कोई भी पार्षद लाभ का पद नहीं ले सकता है। मजदूरों के वेतन में विसंगतियां है। एवं जनप्रतिनिधि के रिश्तेदारों को ठेका दिया जा रहा है जो नगर पालिका असीनियम 1961 का उल्लंघन है । उपरोक्त जन समस्या एवं भ्रष्टाचार पर उचित कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बड़े बचेली के नाम सौप ज्ञापन।और यदि कार्यवाही नही होती है ।तो भविष्य में उग्र आंदोलन किया जाएगा।और उन्हों ने कहा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### जेईई एवं नीट पैटर्न पर जिले के छात्र-छात्राओं का मॉक टेस्ट आयोजित

**उत्तर बस्तर कांकेर 2 अक्टूबर।** कलेक्टर कांकेर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित सभी 139 शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी विद्यालयों में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रारंभिक स्तर पर मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें जेईई के लिए कक्षा 12वीं गणित संकाय में अध्ययनरत छात्रों एवं नीट मॉक टेस्ट हेतु बायोलॉजी में अध्ययनरत छात्रों के लिए आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने बताया कि जेईई एवं नीट मॉक टेस्ट के पूर्व जिले के सभी गणित, फिजिक्स, रसायन, बायोलॉजी के व्याख्याताओं की तीन चरणों में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन भी किया जा चुका है। प्रशिक्षण में सभी विषयगत व्याख्याताओं को स्पष्ट कराया गया है कि नैशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 2023 में आयोजित जेईई एवं नीट परीक्षा में बढ़-चढ़कर भाग लिया जाना है। कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की तैयारी कराते हुए प्रवेश फार्म भराया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चों का चयन सुनिश्चित किया जा सकें। उन्होंने बताया कि जेईई एवं मॉक टेस्ट पैटर्न आधार पर मोबाईल एवं कम्प्युटर सेट के माध्यम से आयोजित किया गया।

### कांकेर थीम पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर 2 अक्टूबर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम कांकेर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय एवं जिले के प्रत्येक विकासखंडों में गत दिवस दिन शनिवार को प्रातः 07 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। शासकीय नरहदेव उत्कृष्ट विद्यालय खेल परिसर कांकेर में पद्मश्री श्री अजय मंडावी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न किया गया। ''दौड लगायेगा कांकेर-मतदान करेगा कांकेर'' थीम पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिले में संचालित शासकीय महाविद्यालयों, डाईट कॉलेज, मॉडल कॉलेज तथा हायर सेकण्डरी के युवा छात्र-छात्राओं के धावक छात्रों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बालक वर्ग से 50 एवं बालिका वर्ग से 72 छात्राओं ने भाग लिया।

# कवासी लखमा ने नाला पार कर ग्रामीण का चुकाया उधार

## 30 साल पहले खरीदे गए बैल का पैसा था बकाया, कवासी लखमा कांकेरलंका पहुंचे जहां ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया

**सुकमा 2 अक्टूबर।** 30 साल पहले प्रभारी मंत्री ने एक ग्रामीण से उधार में बैला लिए थे, उसके कर्ज को उतारने के लिए सात किलो मीटर बाइक और नाला पारकर पैदल उसके घर पहुंचे और उसके बकाए तीन हजार रुपये वापस किए। प्रभारी मंत्री ने बताया कि 30 साल पहले जब बैला धंधा करता था तो उस समय इस गांव के सोढ़ी देवा के पिता से एक बैला ले गया था उस समय मेरे पास तीन हजार रुपये थे और बाकी तीन हजार उधार में थे।

उसके बाद मैने चुनाव लड़ा और बैला काम बंद कर दिया, लेकिन मेरे से ना तो कभी पैसे मांगे और ना ही मुझे याद था। लेकिन आज जब गांव पहुंचा और सोढ़ी देवा ने याद दिलाया तो मै बचे हुए तीन हजार दे रहा हूं और कर्ज मुक्त हुआ हूं।

रविवार को मंत्री कवासी लखमा कांकेरलंका पहुंचे जहां से बाइक पर सवार होकर वे 7 किमी. दूर स्थित कोर्रापाड़ पहुंचे, लेकिन इस बीच उन्हे पैदल छोटा सा नाला पार करना पड़ा और कड़ी मशक्कत के बाद गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। पारंपरिक ढोल के साथ नृत्य किया, जिसमें मंत्री कवासी लखमा खुद शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव से पहले जो वादे किए उसे पूरा किया।



आज आदिवासियों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, धान का समर्थन मूल्य मिल रहा है। वनोपज का समर्थन मूल्य मिल रहा है, साथ ही तेंदुपत्ता का पैसा समय पर मिल रहा है। जिससे आप लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। पहले स्कूले बंद थी और राशन के लिए मीलों पैदल जाना पड़ता था। लेकिन हमारी सरकार बनते ही गांव-गांव में बंद स्कूलों को फिर से खोला गया, जिसमें हजारों आदिवासी बच्चे अपना बेहतर भविष्य बना रहे है।

गांव में या फिर आसपास राशन दुकाने खुल गई जिसके चलते आप लोगों को नजदीक राशन मिल रहा है। हमारी सरकार सुरक्षा, विश्वास और विकास को लेकर काम कर रही है। चुनाव होने वाले है, जैसा पहले मेरा साथ दिया ठीक उसी तरह आगे भी साथ दें। वहीं पेड़ के नीचे चैपाल लगाई और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उससे पहले सर्व उरांव समाज का जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन था जिसमे उन्होने भाग लिया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क बनेगी और विकास होगा: लखमा

नक्सल प्रभावित गांव कोर्रापाड़, तोंगगुड़ा, पुनपल्ली, नेलगुड़ा पहुंचे मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि पिछले पांच सालों में जिले के अधिकांश गांव को सड़कों से जोड़ दिया गया है। कुछ गांवों में अब भी सड़कें नहीं बन पाई है, लेकिन आने वाले समय में उन गांवों को भी जोड़ दिया जाएगा। हर गांव हर घर में शुद्ध पेयजल व बिजली लगेगी धीरे-धीरे विकास हो रहा है और आप लोगों का साथ रहा तो आने वाले पांच सालों में ऐसा कोई गांव नहीं होगा जहां बिजली, पानी व सड़क नहीं बनेगी। इसलिए विकास और सुरक्षा व विश्वास के लिए आप मुझे सहयोग करें।

# जिला न्यायालय में मुख्य न्यायाधिपति ने किया फस्ट एड क्लीनिक का वर्चुअल शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 2 अक्टूबर ।** जिला एवं सत्र न्यायालय में 1 अक्टूबर दिन रविवार को न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा माननीय छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पोर्टफोलियो जस्टिस माननीय न्यायाधिपति श्री नरेन्द्र कुमार व्यास, जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय कुमार होता, कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रवीन कुमार प्रधान, श्री दीपक कुमार देशलहरे, श्री शैलेश शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रश्मि नेताम, सचिव श्री संजय कुमार सोनी, मजिस्ट्रेट श्रीमती शांति प्रभु जैन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री के. के.



देवांगन, चिकित्सा अधिकारी, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण सहित पक्षकारगण मौजूद थे।

इस प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक के स्थापित होने से न्यायालय में उपस्थित होने वाले सभी न्यायाधीशों, सभी अधिवक्ताओं, न्यायालय के कर्मचारियों, पक्षकारों एवं अन्य आगंतुक का भी न्यायालय परिसर में ही निःशुल्क ईलाज हो सकेगा। यह क्लीनिक प्रति कार्यदिवस सुबह 10: 30 बजे शाम 5.30 बजे तक प्रारंभ रहेगा। इस क्लीनिक में चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा तत्काल उपचार किया जायेगा। इसके अन्तर्गत ब्लड प्रेशर की जांच, शुगर की जांच, आवश्यक टीकाकरण, सर्पदंश, सर्दी, खांसी, बुखार सभी शामिल साथ ही दवाएं भी यही दी जायेगी। इसके अलावा क्लीनिक के स्थापित हो जाने से सुदूर दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के न्यायालय के साथ-साथ जिला सुकमा एवं बीजापुर से भी लोग जो न्यायालयीन कार्य से जिला सत्र न्यायालय में अक्सर आते रहते है वे भी यहां न्यायालय परिसर में ही अपना इलाज करा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस सहृदयता,संवेदनशील, दूरगामी सोच के लिए संपूर्ण न्यायालय परिवार ने मुख्य न्यायाधिपति का आभार जताया है साथ उनका यह भी मानना है कि क्लीनिक के शुभारंभ होने से जाने से वे अब निश्चिंत होकर अपना न्यायिक कार्य एवं निशुल्क इलाज करा सकेंगे।

# स्वच्छ भारत मिशन योजना,सीआरपीएफ के जवानों ने गीदम में चलाया सफाई अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 1 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के उपलक्ष्य में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक देश मे ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 की थीम ÷कचरा मुक्त भारत÷ के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम मे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 231 बटालियन के द्वारा आज दिनांक 01 अक्टूबर को 10 से 11 बजे के मध्य गीदम में सफाई अभियान चलाया गया और स्थानीय समुदाय को स्वच्छता के महत्व को समझने और उसमें भागीदार बनाने का संदेश दिया गया । इस अभियान के दौरान, 231 बटालियन सीआरपीएफ ने गीदम बस स्टैंड एवं आस पास के बाजार के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया, जिसमे सीआरपीएफ़ के अधिकारियों व जवानो के साथ-साथ स्थानीय स्कूल



के विद्यार्थियों और आम जनमानस ने श्रमदान देकर कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान भारत सरकार द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण सफाई अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर 231 बटालियन के कमांडेंट श्री सुरेन्द्र सिंह ने सभी को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए कहा की ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान के तहत हम न केवल अपने आस-पास के पर्यावरण की सफाई करते हैं, बल्कि हम सामुदायिक भागीदारी की भावना को भी बढ़ावा देते हैं और समुदाय के सभी सदस्यों से इस महत्वपूर्ण काम में शामिल होने का आग्रह करते हैं , हम सभी को अपने आस पास और पर्यावरण की साफ सफाई के लिए हमेशा पूर्णरूप से प्रतिबद्ध रहना चाहिए । साथ ही उन्होने स्कूल के विद्यार्थियों और आम जन मानस का श्रमदान के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग देने के लिए आभार भी व्यक्त किया ।

# अरनपुर क्षेत्र से 1 ईनामी सहित 5 माओवादी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 2 अक्टूबर।** पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी0 (भापुसे0), उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कष्यप (भापुसे0) दन्तेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि0) सीआरपीएफ विकास कठेरिया (भापुसे0) के मार्गदर्षन में पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भापुसे0), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन (रापुसे0) के निर्देषानुसार जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् दिनांक 30.09.2023 के प्रातः लगभग 07:00 बजे थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित कैम्प पोटाली से 15 बटालियन सीएएफ(छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल) का बल ग्राम नीलावाया के जंगल/पहाड़ी की ओर नक्सल गष्त, सर्चिंग हेतु रवाना हुई थी कि नक्सल गष्त, सर्चिंग के दौरान ग्राम नीलावाया मिलकनपारा के जंगल/पहाड़ी में पुलिस पार्टी



को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे। जिन्हें पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये 05 संदिग्ध व्यक्तियों थाना अरनपुर लाकर पूछताछ करने पर अपना नाम 1. आयता कोर्राम पिता स्व0 पोज्जा उर्फ हड़मा कोर्राम उम्र लगभग 39 वर्ष जाति माड़िया निवासी नीलावाया मिलकनपारा थाना अरनपुर नीलावाया पंचायत मिलिषिया कमाण्डर, 2. मासा मडकाम पिता स्व0 भीमा मडकाम उम्र लगभग 35 वर्ष जाति माड़िया निवासी नीलावाया मिलकनपारा थाना अरनपुर ग्राम नीलावाया संघम सदस्य, 3. देवा हेमला पिता स्व0 हुंगा हेमला 33 वर्ष जाति माडिया निवासी नीलावाया मिलकनपारा थाना अरनपुर मिलिषिया सदस्य, 4. देवा कोवासी पिता कोसा कोवासी उम्र लगभग 28 वर्ष जाति माड़िया निवासी नीलावाया मिलकनपारा थाना अरनपुर डीएकेएमएस सदस्य एवं 5. भीमा हेमला पिता स्व0 नंगा हेमला उम्र लगभग 36 वर्ष जाति माड़िया निवासी नीलावाया मिलकनपारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा नीलावाया पंचायत जनताना सरकार सदस्य के पद पर कार्य करना बताये। उक्त माओवादियों को आज दिनांक 01.10.2023 को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। ये सभी नक्सली हत्या लूट की वारदात में शामिल थे।

## समाचार संक्षेप

### एनएमडीसी, बचेली परियोजना के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**बचेली 2 अक्टूबर।** एनएमडीसी, बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनाँक 01.10.2023 को परियोजना के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गावों में जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था, जिसका क्रियान्वन सीएसआर विभाग द्वारा बैनर व पोस्टर के माध्यम किया गया। इसमें स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया तथा स्कूली बच्चों व ग्रामीणों द्वारा विशाल रैली निकालकर पुरे गांवो के ग्रामीणवासियों को स्वच्छता का सन्देश दिया गया । इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक ग्रामीणवासियों, स्कूली बच्चों तथा शिक्षक गणों ने पुरे उत्साह के साथ भाग लेकर सफल बनाया। इस कार्यक्रम का क्रियान्वन परियोजना प्रमुख श्री बी. वेंकटश्वरलु के मार्गदर्शन से की गयी है जिसे सीएसआर व कार्मिक विभाग द्वारा क्रियान्वित किया गया है।

### कूकानार सीआरपीएफ एवं बालक छात्रावास के बच्चे को स्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई



**सुकमा 2 अक्टूबर।** सीआरपीएफ 226 बटालियन द्वारा चलाया गया स्वच्छता का अभियान 226 कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कंपनी कमांडेंट हितेंद्र नेगी द्वारा कूकानार बाजार स्थल में चला गया स्वच्छता अभियान कूकानार सीआरपीएफ एवं बालक छात्रावास के बच्चे को स्वच्छता अभियान के तहत जानकारी दी गई। कूकानार बाजार पारा पर स्वच्छता ही सेवा के तहत 2 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विधायक प्रतिनिधि अशोक चौहान सांसद प्रतिनिधि जयपाल चौहान कूकानार सरपंच एवं सभी ग्राम निवासी सीआरपीएफ के साथ मिलजुल कर आस-पास के क्षेत्रों में सफाई करवाई जा रही है। इसी बीच गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया, जहां विद्यार्थियों व ग्रामीणों को वातावरण स्वच्छ रखने और स्वच्छ रहने से होने वाले फायदों के बारे में बताया गया।

### स्वच्छता ही सेवा का जश्न मनाते हुए, एनएमडीसी ने एक मेगा स्वच्छता अभियान और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया



**हैदराबाद,1 अक्टूबर।** देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने आज 1 अक्टूबर 2023 को अपने प्रधान कार्यालय और देश भर में अपनी परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में एक मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह पहल एनएमडीसी द्वारा 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा, विशेष अभियान 3.0 के तहत की गई । गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की शुआत में माननीय प्रधानमंत्री जी ने 1 अक्टूबर को सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की ताकि बापू को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर वच्छांजलि प्रदान की जा सके। महात्मा गांधी को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, राष्ट्रीय खनिक अपनी सभी प्रमुख परियोजनाओं- किरंदुल, बचेली, दोणिमलै और पन्ना में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चला रहा है और प्रभात फेरी निकाल रहा है। प्रत्येक परियोजना ने जन भागीदारी के माध्यम से क्रमशः एक -एक गांव को स्वच्छ करने की जिम्मेदारी ली। एनएमडीसी के कर्मचारियों ने आज एनएमडीसी मुख्यालय में उल्लेखनीय स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। विभिन्न परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों के कर्मचारियों ने भी स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया और जिम्मेदार नागरिकों के रूप में योगदान दिया।

## वर्चुअल लोकार्पण को भाजपा ने बताया भूपेश सरकार का भ्रष्टाचार


# भरोसे की नहीं,भ्रष्टाचार की यात्रा निकाल रही है कांग्रेस:चैतराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतवाड़ा 2 अक्टूबर।** बीते दिनों भुपेश बघेल ने रायपुर में बैठकर दंतेवाड़ा जिले में दंतेश्वरी कॉरीडोर समेत जिले में चल रहे 400 करोड़ के अन्य कार्यो का वर्चुएल लोकार्पण किया था । इसे बीजेपी ने कांग्रेस एवं भुपेश सरकार का महा-भ्रष्टाचार बताया है। इसी विषय पर रविवार को प्रेसवार्ता कर दंतेवाड़ा भाजपा ने भुपेश सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं और कहा है कि चुनाव को नजदीक देखकर आनन फानन में आधे अधूरे कार्यो का भी लोर्कापण कर भ्रष्टाचार का एक नया कीर्तिमान गढ़ा जा रहा है जिसे जनता समझ रही है। भुपेश सरकार के इस झुठ का पर्दाफाश कर भाजपा इसे सड़क से गांव गांव तक ले जाएगी और लोगों को बताएगी कि सत्ता की खातिर भुपेश सरकार किस तरह से झुठ बोलकर जनता जर्नादन को भ्रमित करने में लगी हुई है। रविवार दोपहर 3 बजे



चितालंका स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा अध्यक्ष चैतराम अटामी, ओजस्वी मंडावी, पायल गुप्ता, , सुनीति भास्कर, ममता गुप्ता, अंति वेक, नन्दलाल मुडामी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अभिमन्यु सोनी, आशीष चौहान, रामू नेताम, दुर्गा चौहान समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। अध्यक्ष चैतराम अटामी ने कहा कि-मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने चुनाव को देखते हुए दंतेश्वरी कारीडोर, ज्योति कलश भवन, एकता परिसर भवन, आदिवासी संग्रहालय, हर्बल गार्डन, बारसूर गेट, चितालंका सरोवर का निर्माण समेत अन्य कार्यो का वर्चुअल लोर्कापण कर दिया, जबकि ये सभी कार्य अभी चल रहा है ज्योति कलश भवन ही मात्र अभी 60 फीसदी कार्य हुआ है बाकी कार्य अभी 20 परसेंट भी नहीं हुआ है और उन कार्यो का लोर्कापण भी जल्दबाजी में कर दिया गया है। यह सीधे सीधे भ्रष्टाचार को उजागर करता है। श्री अटामी ने कहा कि केवल चुनाव को देखकर आनन फानन में लोर्कापण किया गया है और इस भ्रष्टाचार में भुपेश सरकार ने दंतेवाड़ा प्रशासन को इस्तेमाल किया है जो बेहद शर्मनाक है। एक तरह से प्रशासन के कंधे पर अपनी भ्रष्टाचार की बंदुक रखकर सरकारी धन की लूट भुपेश सरकार कर रही है कहें तो गलत नहीं होगा। जो कार्य पूर्ण हुए ही नहीं कार्य वर्तमान में भी चल रहे हैं उन कार्यो का लोर्पापण कैसे हो सकता है? क्या यह जनता देख नहीं रही। भरी बरसात में जिस तरह से नदी एवं तालाबों के लाखों लीटर पानी को खींचकर बाहर बहाया गया क्या यह न्याय संगत था। निर्माण कार्य करवाना ही था जो जनवरी फरवरी माह से भी शुरू किया जा सकता था जबकि कार्य की शुरूआत मानसुन के दौरान जानबुझकर किया गया इसके पीछे भ्रष्टाचार की बू नजर आती है। नियत साफ होती तो जल्दबाजी में लोर्कापण नहीं किया जाताा। अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए भुपेश सरकार वर्चुअल लोर्कापण कर रही है। अंत में श्री अटामी ने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते कहा कि आज सरकार भरोसा यात्रा निकालने जा रही है जबकि सही माएने में यह भरोसा यात्रा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की यात्रा कहा जाएगा तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। नन्दलाल मूडामी ने भी कांग्रेस सरकार को आडे हाथों लेते कहा कि भुपेश सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ डूबी हुई है। सरकार पूरी तरह से संवेदनहीन हो गई है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23

एक नजर

### नागरिक दिवस पर वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया



**रायपुर 2 अक्टूबर।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर राजीव लोचन फाउंडेशन ने विप्र नगर रायपुरा के पूजा सदन में वरिष्ठ नागरिकों का राजीव लोचन सम्मान से सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त वरिष्ठ नागरिकों सर्वश्री इंजी रवि प्रकाश शुक्ला, इंजी प्रमोद मिश्रा, पूर्व शिक्षक नरेंद्र मिश्रा, पूर्व डीएसपी विनोद मिश्रा, पूर्व सहकारिता अधिकारी अरुण मिश्रा, पूर्व जिला कोषालय अधिकारी अरविंद मिश्रा, इंजी मुकेश मिश्रा का पुष्पमाला के साथ तिलक लगाकर अभिनंदन पत्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित मिश्रा, महासचिव संजय मिश्रा, अतुल मिश्रा, सचिव आलोक मिश्रा, अजय मिश्रा, आशुतोष मिश्रा ,संगठन सचिव आशीष मिश्रा तथा सुमित मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### महिला से मारपीट

**रायपुर, 2 अक्टूबर।** ग्राम चंगोरी में चोरी का आरोप लगाते हुए एक महिला ने दूसरे महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संगीता टंडन 30 वर्ष चंगोरी की रहने वाली है। बताया जाता है कि उसके पड़ोस में रहने वाली आरोपिया आशा लहरे प्रार्थिया के घर आई और तुम्हार लड़का मेरे 5 हजार रुपए चोरी किया है कहते हुए प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### युवक को पीटा

**रायपुर, 2 अक्टूबर।** बैरागी डेरा चौक के पास पुरानी रंजिश के चलते दो लोगों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश बैरागी 32 वर्ष बैरागी डेरा चौक के पास सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पड़ोस में रहने वाले आरोपी गगन बैरागी व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

# पटवारी रिकार्ड अपग्रेड नहीं होने से किसान परेशान

## बायोमेट्रिक सिस्टम के लिए कई औपचारिकताएं पूरी करनी होगी

- तहसील, कृषि एवं सहकारी बैंकों का किसान काट रहे चक्कर

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 सितम्बर।** बायोमेट्रिक के माध्यम से धान खरीदी को लेकर किसानों से मंगाए गए दस्तावेजों की औपचारिकता पूरी करने के लिए किसान तहसील कार्यालय, कृषि विभाग एवं बैंक का चक्कर काट रहे हैं। तहसील कार्यालय में पटवारी रिकार्ड अपग्रेड नहीं किए जाने के कारण परेशानी हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार छग शासन ने केंद्र के आदेश से धान खरीदी बायोमेट्रिक सिस्टम से करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में कृषि विभाग को फसल का विवरण देना होगा तथा राजस्व विभाग को खसरा क्रमांक का पूर्ण विवरण देना पड़ता है। सहकारी बैंक में सिर्फ खाते की औपचारिकता है। नए नियम के अनुसार भूमि स्वामी धान खरीदी के लिए स्वयं जाएगा। नियमानुसार वह नॉमिनी भी बना सकता है। इसके लिए सहकारी समितियों में उसे पहला बी-1, ऋण पुस्तिका, कृषि विभाग का फसली विवरण एवं नॉमिनी तथा आधार कार्ड जमा करना पड़ रहा है। वर्तमान में सहकारी समितियों में यह फार्म जमा हो रहे हैं।

बी-1 फार्म में किसानों को ताजा फसल की स्थिति, कुल भू-भाग की जानकारी देनी पड़ रही है। यदि किसान ने अपना खेत बेचा है तो खरीदने वाले किसान को राजस्व रिकार्ड में इसे चढ़ाना पड़ता है। राजस्व रिकार्ड के अनुसार यहां पर पटवारियों ने अपना रिकार्ड अपग्रेड नहीं किया है। सरकार की ओर से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे फसल का विवरण दें। लेकिन इसकी भी ताजा जानकारी नहीं है। वर्तमान में कम्प्यूटर पाइंट के संचालक इसे निकाल रहे हैं। पटवारी रिकार्ड अपग्रेड नहीं होने पर तहसील ऑफिस में मारामारी चल रही है। किसान किसी भी तरह अपने वकील के माध्यम से रिकार्ड दुरुस्त करना चाहते हैं।

भूमि स्वामी, कृषक जब समस्त दस्तावेज लेकर सहकारी समितियों में पहुंचते हैं तो बिजली गुल रहती है जिसके कारण पावती नहीं मिल पाती है। जिन किसानों ने अपने खेत को अधिया अथवा रेगहा दिया है उन्हें भी नॉमिनी बनाया जा सकता है। लेकिन भू-स्वामी अपने निकटतम रिश्तेदार को नॉमिनी बना रहे हैं। किसानों के अनुसार धान खरीदी केंद्रों में स्थिति और भी खराब है। पहले धान का टोकन कटवाना पड़ता है। इसके पश्चात धान खरीदी के लिए खुद भूस्वामी अथवा नॉमिनी को जाना होगा। बायोमेट्रिक सिस्टम का लाभ सिर्फ पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा। सरकार ने इसके लिए एक विशेष व्यवस्था की है। इस समय किसान बार-बार पंजीयन कराने से परेशान हैं। खाद्य विभाग के अनुसार 30 सितम्बर पंजीकृत किसानों के लिए अंतिम तिथि थी जिसे अब बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दिया गया है लेकिन अभी तक सिर्फ 70 प्रतिशत किसानों का ही पंजीकरण हुआ है।

### नए किसानों का पंजीयन 30 अक्टूबर तक होगा

राज्य शासन द्वारा इस समय धान खरीदी को लेकर कई व्यवस्थाएं की गई है। 20 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। वर्तमान में चुनाव के साथ ही धान खरीदी की राजनीति गरमाती जा रही है। लेकिन किसान फिलहाल औपचारिकताएं पूरी करने में ही परेशान हैं।



### महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

**रायपुर 2 अक्टूबर।** कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में आज महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी सचिव श्री रुपचंद श्री श्री माल एवं संस्था के अधीक्षक श्री अनिल चन्द्राकार श्री भूपेन्द्र ठाकुर श्री भागवत प्रसाद शर्मा श्री गुण सागर नायक श्री अंकित पाठक श्री करण वर्मा एस पी दुबे आदि उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई इस अवसर संस्था के अधीक्षक श्री अनिल चन्द्राकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का संक्षिप्त परिचय बच्चों के सामने रखा कार्यक्रम में याखयान माला का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन एस पी दुबे के द्वारा किया गया।

# आचार संहिता के पहले होगी प्रशासनिक सर्जरी

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 सितम्बर।** भारतीय निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा है इसलिए चालू सप्ताह में आचार संहिता की घोषणा नहीं की जा सकेगी। राज्य सरकार आचार संहिता लगने के पूर्व कई जिलों के कलेक्टरों एवं एसपी को बदलने के लिए प्रशासनिक सर्जरी कर रही है।

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिन राज्यों में चुनाव होने हैं वहां पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम करने को कहा है। वर्तमान में इसे 4 अक्टूबर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसमें जो लोग 18 वर्ष के हो जाएंगे उन्हें ही मताधिकार का प्रयोग करने दिया जाएगा। नए मतदाताओं का नाम भी जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में चुनाव के लिए चालू सप्ताह में आचार संहिता नहीं लगाई जा सकेगी। राज्य शासन ने चुनाव को देखते हुए अपने पसंदीदा अधिकारियों को जिलों में बैठाने का निर्णय लिया है। नए जिलों में मानपुर-मोहला, मनेन्द्रगढ़, सक्ती सहित अन्य जिलों के कलेक्टरों को बदला जाएगा। रायपुर जिले के कलेक्टर भी लंबे अरसे से जमे हुए हैं। बड़े जिलों में कोरबा, दुर्ग तथा बिलासपुर में नए कलेक्टरों की नई पदस्थापना को लेकर भी खींचतान चल रही है। राज्य में पुलिस के जिला कप्तानों को भी बदलने की कवायद चल रही है। समझा जाता है कि आचार संहिता के पहले प्रशासनिक सजरी कर दी जाएगी।

**बिलों का भुगतान एवं काम को लेकर खींचतान जारी :** शासकीय कार्यालयों में इस समय विभिन्न ट्रेवल एजेंसी के मालिक चक्कर काट रहे हैं। इनका कहना है कि चुनाव के पहले यदि भुगतान हो गया तो ठीक है अन्यथा परेशानी हो जाएगी। इधर मंत्रियों के यहां पर भी अपना काम कराने को लेकर क्षेत्र के लोग सक्रिय हो गए हैं। अधिकारी आचार सहिता को देखते हुए अब किसी भी विवाद में पड़ना नहीं चाहते। मंत्रालय से लेकर मंत्री के बंगलों तक अब काम जल्दी कराने को लेकर दबाव बना हुआ है।

### अवैध शराब बेचते 5 गिरफ्तार

**रायपुर, 2 अक्टूबर ।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 112 पाव देशी शराब, 7 बॉटल अंग्रेजी शराब व नकदी 1730 रुपए व बाइक जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने दुर्गा चौक के पास अवैध शराब बेचते आरोपी महाराजा राउत 23 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी संजू साहू 19 वर्ष के पास से बाइक और 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी राज सिंग 26 वर्ष के पास से 22 पाव अंग्रेजी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी धीरज प्रताप सिंह 32 वर्ष के पास से 7 बॉटल व बिक्री रकम 1130 रुपए जब्त किया है।

# चुनाव आयोग में शिकायतों का दौर शुरू

- तीन वर्ष के कार्यकाल को लेकर सर्वाधिक खींचतान
- राज्य में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध के लिए बैठक


मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में विधानसभा चुनाव की घोषणा के पहले शिकायतों का दौर शुरू हो गया है। कार्यालय में विभिन्न अधिकारियों की पदस्थापना, स्थानांतरण एवं सम्पत्ति को लेकर शिकायतें आ रही हैं।

आयोग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय चुनाव को लेकर सभी तैयारियां तेजी से चल रही है। आयोग ने वीवीपैट, ईवीएम, फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र, संवेदनशील मतदान केंद्रों, निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग के नियमानुसार प्रत्येक जुलूस व सभा की वीडियोग्राफी करानी होगी। जिलों में जिला अधिकारियों को विशेष अधिकारी दिए गए हैं ताकि बार-बार निर्वाचन कार्यालय की ओर मुंह न देखना पड़े। आयोग के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने एक ही स्थान पर जमे ऐसे अधिकारी जिन्होंने ने तीन वर्ष पूर्ण कर लिए हैं उन्हें हटाने का निर्देश दिया है। वर्तमान में शिक्षा, पुलिस तथा सामान्य प्रशासन विभाग में इसको लेकर हड़कंप मचा हुआ है इसकी शिकायतें निरंतर आ रही है।

### स्वतंत्र प्रत्याशियों को मनचाहा चुनाव चिन्ह नहीं मिलेगा

आयोग के अनुसार निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का मनचाहा चुनाव चिन्ह नहीं मिलेगा। भारतीय निर्वाचन आयोग ने अब प्रत्येक राज्य में अलग-अलग चुनाव चिन्ह प्रत्याशियों को देने के लिए तय कर दिया है। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को बी-1 फार्म के आधार पर चुनाव चिन्ह मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय दलों को उन्हें आबंटित चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। लेकिन ऐसे प्रत्याशी जो स्वतंत्र चुनाव लड़ेंगे उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। आयोग ने सुरक्षा के लिए भी उपाय शुरू कर दिए हैं। इसके लिए केंद्र से अतिरिक्त पुलिस बल मंगाया जाएगा।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23